दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 280 जयपुर, बुधवार, 18 सितंबर, 2024 | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष-पूर्णिमा, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज जयपुर आएंगी



**जयपुर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बुधवार को मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएनआईटी ) के छात्रों को उपाधियां देने जयपुर पहुंचेंगी। मुर्मू एमएनआईटी के 18वें दीक्षांत समारोह में 1361 छात्रों को डिग्री देंगी। इसमें यूजी, पीजी और डॉक्टरेट की उपाधियां शामिल हैं। इसके साथ ही पहली बार डॉक्टोरेटर्स आउटस्टैंडिंग गोल्ड मेडल अवॉर्ड, डायरेक्टर्स गोल्ड मेडल और गवर्नर्स गोल्ड मेडल दिए जाएंगे। खास बात ये है कि जिन 20 छात्रों को ये गोल्ड मेडल मिलेंगे उनमें 60% छात्राएं हैं। ऐसे में बुधवार को एमएनआईटी महिला सशक्तीकरण में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि का भी गवाह बनेगा।

### जम्मू-कश्मीर में 24 सीटों पर वोटिंग आज



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के फर्स्ट फेज में बुधवार को 7 जिलों की 24 विधानसभा सीटों पर वोटिंग होगी। इसमें 23.27 लाख वोटर्स शामिल होंगे। फर्स्ट फेज की 24 में से 8 सीटें जम्मू डिवीजन और 16 सीटें कश्मीर घाटी में है। सबसे ज्यादा 7 सीटें अनंतनाग और सबसे कम 2-2 सीटें शोपियां और रामबन जिले की हैं। चुनाव आयोग के मुताबिक पहले फेज में 219 कैंडिडेट्स मैदान में हैं। इनमें 9 महिलाएं और 92 निर्दलीय उम्मीदवार हैं। 110 कैंडिडेट्स करोड़पति हैं, जबकि 36 पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं।

(पेज 8 भी देखें)

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

## भारतीय हॉकी टीम का एक और कमाल: ड्रैगन को उसी के घर में दी शिकस्त

# भारत ने 5वीं बार जीती चैंपियंस ट्रॉफी, फाइनल में चीन को 1-0 से हराया

एजेंसी | नई दिल्ली

चीन के हुलुनबुइर में आयोजित एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 के फाइनल में भारत ने मेजबान चीन को 1-0 से हराकर खिताब जीत लिया है।

पहले तीन क्वार्टर गोल रहित रहने के बाद आखिरकार टीम इंडिया ने चौथे और आखिरी क्वार्टर में शानदार गोल करके 1-0 की बढ़त बनाई, जो अंत तक कायम रही। मैच का एकमात्र गोल भारत के जुगराज ने किया। यह इतिहास में कुल पांचवीं बार है जब भारत ने एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीती है। भारत ने इस पंजे के साथ एक नया इतिहास रच दिया है।




### चीन ने शुरुआत आक्रामक की

मैच की शुरुआत में चीन ने आक्रामक रवैया अपनाते हुए भारतीय डिफेंस को बैकफुट पर ला दिया था। पहले ही क्वार्टर में भारत को 2 पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन दोनों बार चीनी गोलची ने अपने गोल पोस्ट को सुरक्षित रखा। दूसरे और तीसरे क्वार्टर में भी दोनों टीमों ने गोल दागने का भरपूर प्रयास किया, मगर मैच का एकमात्र गोल 51वें मिनट में आया, जहां भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने जुगराज को पास किया और उन्होंने गेंद को गोल पोस्ट में धकेल कर शानदार गोल किया।

### चीन को मिला सिल्वर मेडल

इस जीत के साथ भारत ने गोल्ड, चीन ने सिल्वर मेडल जीत लिया है। वहीं, पाकिस्तान ने तीसरे स्थान के लिए हुए मैच में दक्षिण कोरिया को 5-2 से हराया था। अंतिम क्षणों में चीन के खिलाड़ियों ने काफी देर तक गेंद की पजेशन अपने पास रखी, लेकिन भारत का डिफेंस भी शानदार रहा। इससे पहले टूर्नामेंट में ग्रुप स्टेज के दौरान भी भारत और चीन आमने-सामने आए थे, जहां टीम इंडिया ने 3-0 से आसान जीत दर्ज की थी।

### कब-कब जीता खिताब

एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत 2011 में हुई थी, जहां फाइनल में भारत ने पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से पाकिस्तान को हराकर खिताब जीता था। 2016 में एक बार फिर पाकिस्तान को 3-2 से रौंद कर चैंपियंस ट्रॉफी जीतने का तमगा हासिल किया। 2018 में भारत और पाक संयुक्त विजेता रहे। वहीं 2023 में हुई चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में भारत ने मलेशिया को 4-3 से हराकर कुल चौथी बार यह ट्रॉफी जीती थी।

## बिड़ला सभागार से प्रदेश की विभिन्न योजनाओं का शुभारंभ

# प्रधानमंत्री के मजबूत नेतृत्व से भारत बनेगा विकसित राष्ट्र: सीएम शर्मा

■ हर वर्ग-क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध राज्य सरकार ■ युवाओं के सपने होंगे पूरे

### 10 हजार 376 करोड़ रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास हुए

बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश की 8 करोड़ जनता के कल्याण के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। हमारे प्रत्येक कार्य में जनमानस का प्रतिबिंब दिखता है और इससे प्रत्येक क्षेत्र के सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त होता है।

आज 10 हजार करोड़ रूपए से अधिक के कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण विकसित राजस्थान के लक्ष्य की प्राप्ति में महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर उन्होंने 86 नगर पालिकाओं को 50 करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता जारी करने की घोषणा भी की। शर्मा मंगलवार को बिड़ला सभागार में मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव, पीएम आवास योजना-ग्रामीण, स्वच्छता ही सेवा अभियान, मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य (मा) वाउचर योजना और अन्य विकास कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मना रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर हमें उनके दूरदर्शी संकल्पों और असाधारण परिश्रम से प्रेरणा लेनी चाहिए और वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित देश तथा राजस्थान को विकसित प्रदेश बनाने के लिए समग्र प्रयास करना चाहिए।




### पीएम आवास योजना-ग्रामीण में 1.45 लाख आवास स्वीकृति पत्र वितरित

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को घर मिले, इस दिशा में केन्द्र एवं राज्य सरकार प्रयासरत हैं। आज 2 हजार 100 करोड़ से अधिक की लागत से 1 लाख 45 हजार लाभार्थियों को आवास स्वीकृति पत्र एवं 31 हजार लाभार्थियों को गृह प्रवेश करवाए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त हर परिवार को घर के साथ आवश्यक सुविधाएं भी मिलें, इसके लिए विभिन्न योजनाओं के साथ समन्वय कर 9 लाख 48 हजार परिवारों को पेयजल सुविधा, 15 लाख 34 हजार परिवारों को बिजली एवं एलपीजी कनेक्शन और 16 लाख 83 हजार परिवारों को शौचालय उपलब्ध करवाए गए हैं। इस अवसर पर उन्होंने लाभार्थियों को मकान की चाबी एवं स्वीकृति पत्र भी वितरित किए।

### 8 हजार 32 कार्मिकों को मिले नियुक्ति पत्र

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं के सपनों को पूरा करने के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है। पांच वर्षों में निजी क्षेत्र में 6 लाख एवं सरकारी क्षेत्र में 4 लाख सहित कुल 10 लाख रोजगार अवसरों का सृजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने लगभग 41 हजार नियुक्तियां प्रदान की हैं, जिसमें से आज 8 हजार 32 युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए हैं। यह हमारी दृढ इच्छाशक्ति का प्रतीक है।

### नमस्ते योजना से मिलेगी स्वास्थ्य सुरक्षा

शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 2 अक्टूबर 2014 को शुरू किए गए स्वच्छ भारत मिशन के सार्थक परिणाम आए हैं। शर्मा ने कहा कि नमस्ते योजना के अंतर्गत सफाई कार्य में लगे सफाई मित्रों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के लिए कार्य किया जा रहा है। उनकी नियमित स्वास्थ्य जांच करने के साथ ही उन्हें चिकित्सा सुविधाएं और बीमा कवरेज भी प्रदान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर नमस्ते योजना के अंतर्गत सफाई मित्रों को पीपीई किट प्रदान किए।

### 'वेस्ट टू आर्ट' प्रदर्शनी का शुभारंभ

मुख्यमंत्री ने इस दौरान 'वेस्ट टू आर्ट' प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। शर्मा प्लास्टिक के रिसाइकल्ड उत्पाद एवं गो काष्ठ से बने उत्पादों को देखकर अभिभूत हो गए। उन्होंने सहायता समूहों की पर्यावरण संरक्षण के प्रति कार्यों की प्रशंसा की। साथ ही, मुख्यमंत्री ने जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को चेक भी वितरित किए। उन्होंने सफाई कार्यों के लिए नए हूपर, डम्पर, जेसीबी, कैंपर और ट्रेक्टर वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### पीएम के जीवनी पर प्रदर्शनी

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन के अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को पीएम मोदी की जीवनी आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड ने किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को सेवा पखवाड़े के रूप में मना रही है। प्रदेशभर में सेवा पखवाडे का आगाज किया गया है। इसके तहत सुबह स्वच्छता अभियान से लेकर पार्टी की सदस्यता अभियान, तुलसी वितरण किया गया और भाजपा प्रदेश कार्यालय में मोदी जी के जीवन से जुड़ी प्रदर्शनी लगाई गई है।

## दिल्ली में नई सरकार बनाने का दावा पेश

# केजरीवाल का मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा, अब आतिशी होंगी नई सीएम



एजेंसी | नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) के नेता अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया। उनके स्थान पर मुख्यमंत्री के तौर पर आतिशी ने सरकार बनाने का दावा पेश किया है, जिनका नाम आप विधायक दल की बैठक में खुद केजरीवाल ने प्रस्तावित किया। फिर, आप नेताओं ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना से मुलाकात की।

दिल्ली के निवर्तमान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जेल से बाहर आने के बाद अपना पद त्यागने की बात कही थी। मंगलवार सुबह विधायक दल की बैठक में केजरीवाल को ही नए मुख्यमंत्री चुनने के लिए आग्रह किया गया था। उनके कहने पर ही आतिशी अब दिल्ली की नई मुख्यमंत्री बनने जा रही हैं। इसके बाद मंगलवार शाम केजरीवाल और आतिशी ने एलजी सक्सेना से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री के तौर पर केजरीवाल ने अपना इस्तीफा सौंपा और आतिशी ने नई सरकार बनाने का दावा पेश किया।

### अगले साल होंगे चुनाव

उल्लेखनीय है कि दिल्ली में अगले साल की शुरुआत में चुनाव होने हैं। ऐसे में नई सरकार केवल कुछ महीने के लिए ही होगी। अरविंद केजरीवाल कह चुके हैं कि जनता के बीच जायेंगे और दोबारा चुनकर आने पर फिर से सरकार बनायेंगे। यही बात आज आतिशी ने कही कि दिल्ली के मुख्यमंत्री केवल और केवल अरविंद केजरीवाल ही हैं।

(पेज 7 भी देखें)

## रिश्वत मामले में FIR रद्द करवाने हाईकोर्ट पहुंची हेरिटेज मेयर

बेधड़क | जयपुर

हेरिटेज नगर निगम की मेयर मुनेश गुर्जर ने रिश्वत लेकर पट्टे जारी करने के मामले में एसीबी की ओर से दर्ज एफआईआर को हाईकोर्ट में आपराधिक याचिका दायर कर चुनौती दी है। याचिका में राज्य सरकार और मामले के शिकायतकर्ता सुधांशु सिंह को पक्षकार बनाकर गुहार की गई है कि एसीबी की इस एफआईआर को रद्द किया जाए। अदालत मामले में आगामी दिनों में सुनवाई करेगी। याचिका में अधिवक्ता दीपक चौहान ने बताया कि इस मामले में एसीबी याचिकाकर्ता से कोई भी डिमांड साबित करने में विफल रही है। एसीबी ने यह नहीं बताया कि याचिकाकर्ता ने शिकायतकर्ता से कैसे डिमांड की और एसीबी ने उसका सत्यापन कैसे किया।

## बुलडोजर पर ब्रेक

# बुलडोजर कार्रवाई पर सुप्रीम रोक, कहा... 'आसमान नहीं गिर जाएगा'

- एक अक्टूबर तक बुलडोजर एक्शन पर रहेगी रोक
- कोर्ट ने कहा- 'बुलडोजर जस्टिस' का महिमामंडन बंद होना चाहिए
- सार्वजनिक स्थलों के अतिक्रमण पर चल सकता है बुलडोजर

एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को देश भर में बुलडोजर से संपत्ति ध्वस्तीकरण की कार्रवाई पर रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि देश भर में बिना उसके आदेश के ध्वस्तीकरण की कोई भी कार्रवाई नहीं होनी चाहिए। अगली सुनवाई यानी एक अक्टूबर तक ये आदेश जारी रहेगा। कोर्ट ने यह भी कहा कि 'बुलडोजर जस्टिस' का महिमामंडन बंद होना चाहिए। बता दें कि उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में बुलडोजर से ध्वस्तीकरण कार्रवाई के खिलाफ दाखिल जमीयत उलेमा-ए-हिंद की याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने यह आदेश दिया।



### 1 अक्टूबर को होगी मामले की सुनवाई

हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने इस दौरान ये भी स्पष्ट किया कि सार्वजनिक सड़कों, फुटपाथ, रेलवे लाइनों और तालाब जैसे अन्य सार्वजनिक स्थलों के अतिक्रमण को लेकर बुलडोजर चलाया जा सकता है, ये आदेश की जद से बाहर होगा। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन ने ये आदेश दिया। दायर याचिकाओं में दावा किया गया था कि राज्य सरकारें अपराधियों को दंड देने के लिए उनकी संपत्तियों पर बुलडोजर चला रही हैं। अब इस मामले की सुनवाई 1 अक्टूबर को होगी।

### सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने जताई आपत्ति

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सर्वोच्च न्यायालय के इस फैसले पर आपत्ति जताते हुए कहा कि नियामक संस्थाओं के हाथ इस तरह से नहीं बांधे जा सकते हैं। इस पर सुप्रीम कोर्ट के जजों ने कहा, "अगर ध्वस्तीकरण की कार्रवाइयों को 2 सप्ताह के लिए रोक दिया जाए तो आसमान नहीं गिर जाएगा। अपने हाथों को रोकिए। 15 दिन में क्या हो जाएगा?" जब मेहता ने कहा कि वो पूरे भारत में सभी वैधानिक संस्थाओं के हाथ नहीं रोक सकते, तो सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अनुच्छेद-142 में निहित अपनी विशेष शक्तियों का इस्तेमाल कर के उसने ये फैसला दिया है।

### अवैध ध्वस्तीकरण होगा आदेश की अवहेलना

जस्टिस विश्वनाथन ने कहा कि अगर अवैध ध्वस्तीकरण की एक भी घटना होती है तो वो भी सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन होगा। अधिवक्ता चंदर उदय सिंह ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा पिछली बार आदेश दिए जाने के बावजूद बुलडोजर वाली कार्रवाइयाँ जारी हैं। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि वो ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के लिए दिशानिर्देश जारी करेगा। SG ने कहा कि ये फर्जी नैरेटिव बनाया जा रहा है कि केवल एक खास समुदाय को निशाना बनाया जा रहा है।

**जरूरी खबर**

### विधायक देवेन्द्र जोशी की माताजी को दी श्रद्धांजलि



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को जोधपुर में सूरसागर विधायक देवेन्द्र जोशी के निवास पर पहुंचकर उनकी माताजी राधा देवी जोशी को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने पुष्प अर्पित कर उनको नमन किया एवं शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दी। इस दौरान शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, राज्यसभा सांसद मदन राठौड़, राजेंद्र गहलोत, विधायक अतुल भंसाली सहित जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

### दिया कुमारी ने रोजगार उत्सव का किया शुभारंभ

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने मंगलवार को अजमेर में 'मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव', 'स्वच्छता ही सेवा अभियान' और 'प्रधानमंत्री आवास योजना' के विकास कार्यों के लोकार्पण व शिलान्यास कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने पूर्व कांग्रेस सरकार पर घटिया क्वालिटी की सड़कें बनाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सड़कों की गुणवत्ता इतनी कमजोर थी कि बारिश तक नहीं झेल पाई और से टूट गई। कहा कि प्रदेश में सड़कों की मरम्मत भी होगी और नवीन सड़कों का निर्माण भी होगा। लेकिन सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि सड़कों की गुणवत्ता बेहतर हो। दिया ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा पर भी वार किए।

### राजस्थान में ध्रुवीकरण की सरकार है: रंधावा



**जयपुर।** कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने आरोप लगाया कि राजस्थान में डबल इंजन की नहीं, पोलराइजेशन की सरकार है। उन्होंने भाजपा सरकार पर विधायकों के अंतिम संस्कार में दिए जाने वाले सम्मान में भेदभाव करने का भी आरोप लगाया। रंधावा मंगलवार को कांग्रेस के दिवंगत विधायक जुबेर खां को श्रद्धांजलि अर्पित करने अलवर आए थे। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी रंधावा ने कहा कि प्रदेश में अब 7 सीटों पर उपचुनाव होना है, इसके लिए बुधवार को जयपुर में मीटिंग में चर्चा करेंगे। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के अलवर प्रवास के दौरान देश में हिंदुओं की ओर से अच्छा कार्य किए जाने के बयान पर रंधावा ने कहा कि यह भाजपा का नारा है। भारत देश धर्मनिरपेक्ष है, यहां सभी धर्मों का सहयोग रहा है।

**प्रधानमंत्री मोदी के** तीसरे कार्यकाल पर बोले भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़

# 100 दिन में 15 लाख करोड़ की परियोजनाओं को दी मंजूरी

## राहुल गांधी ने एसटी-एससी, ओबीसी वर्ग के साथ किया धोखा

बेधड़क | जयपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिनों में किए गए कार्यों पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ाने का कार्य किया है। वैश्विक पटल पर भारत ने नए आयाम स्थापित किए है, जबकि विपक्ष के नेता विदेशों में जाकर भारत की प्रतिष्ठा को धूमिल करने का काम कर रहे है। विपक्ष के नेता विदेश में जाकर दलित और पिछड़ों का




अधिकार आरक्षण समाप्त करने की बात कर रहे है, समाज को जाति और धर्म के नाम पर बांटने का कार्य कर रहे है। विपक्ष के नेता को इस समाज तोड़ने वाली नीति से बाज आना चाहिए उनका इस तरह के बयान राष्ट्र हित से परे है। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के 140 करोड़ देशवासियों को परिवार का सदस्य मानकर उनके कल्याण, और उत्थान के लिए योजनाएं बनाई हैं।

### कांग्रेस ने लोगों को किया भ्रमित

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि कांग्रेसी नेता लोगों को भ्रमित कर 99 सीट लेकर आ गए, लेकिन विपक्ष के नेता विदेश में जाकर आरक्षण को समाप्त करने की बात कर रहे है। यह एसटी-एससी और ओबीसी वर्ग के साथ धोखा है। कांग्रेस भाजपा पर आरोप लगाती रही, जबकि स्वयं कांग्रेस के आलाकमान विदेश में जाकर आरक्षण समाप्त करने और समाज को बांटने का कार्य कर रहे है।

### भाजपा ने किया सशक्तीकरण

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि मोदी ने ओबीसी, दलित, अल्पसंख्यकों और आदिवासियों के सशक्तीकरण के लिए कार्य किया। 63 हजार जनजातीय गांवों का विकास, 5 करोड़ आदिवासियों की सामाजिक आर्थिक स्थिति में सुधार, पीएम सुराज योजना का विस्तार, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में नामांकन बढ़ाना, नए विद्यालयों में स्मार्ट कक्षाएं शुरू की। वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन और संरक्षण की दिशा में कार्य किया।

### केंद्र के कार्यों का दिया ब्योरा

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने मोदी सरकार के 100 दिनों के कार्यों पर चर्चा करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 100 दिनों में ही लगभग 15 लाख करोड़ रुपए की परियोजनाओं को शुरू किया। पीएम मोदी ने विज्ञान एवं टेक्नॉलोजी, गवर्नेंस और लॉ एंड ऑर्डर, एनर्जी सिक्युरिटी, विदेश नीति, आपदा प्रबंधन, सुरक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर विकास, किसान मित्र मोदी सरकार, मध्यम वर्ग को टैक्स में राहत, सशक्त युवा और सशक्त नारी शक्ति, ओबीसी, दलित, अल्पसंख्यक और आदिवासियों के सशक्तीकरण और सुलभ स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में जनहितैषी और जनकल्याणकारी योजनाओं को मंजूरी प्रदान की। इसमें पीएम मोदी ने सड़क, रेल, बंदरगाह और हवाई मार्ग के इंफ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट पर विशेष फोकस रखते हुए 3 लाख करोड़ की परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की।

**मुख्यमंत्री ने आमजन को दिलाई** भाजपा की सदस्यता

# सांगानेर विधानसभा के बूथ पर सीएम ने किया जनसंपर्क

बेधड़क | जयपुर

भाजपा सदस्यता अभियान के तहत आज घर-घर जनसंपर्क महाअभियान शुरू किया गया। जनसंपर्क महा अभियान के तहत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज सांगानेर विधानसभा के वार्ड 71 के बूथ नंबर 33 और 36 में घर घर जन संपर्क किया और आमजन को पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सदस्यता अभियान के तहत आमजन को पार्टी की रीति और नीति को बताते हुए भाजपा परिवार में शामिल किया जा रहा है। भाजपा के परिवार में शामिल होने के लिए आमजन में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी भाजपा में पूर्व की सदस्यता समाप्त कर नए सीरे से पुनः सदस्यता ग्रहण करवाई जाती है। इतना ही नहीं, देश के प्रधान सेवक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की और देश के आमजन से भाजपा परिवार से जुड़ने का आह्वान किया। ऐसे में हम सभी को विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी से जुड़कर राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभानी चाहिए। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, महापौर सौम्या गुर्जर, उपमहापौर पुनित कर्नावट, सदस्यता अभियान जयपुर शहर संयोजक शैलेंद्र भार्गव सहित भाजपा पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, पार्षद, और भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**मुख्यमंत्री बोले- अभियान को लेकर आमजन में उत्साह**




## सीएम ने 'स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े' का किया आगाज

पीएम मोदी के जन्मदिन पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े की शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने इस दौरान मालवीय नगर पुलिया के नीचे झाड़ू भी लगाई। इस दौरान रीसायकल जयपुर और जयपुर 311 नागरिक सेवाएं उपलब्ध कराने वाली दो मोबाइल एप्लीकेशन भी लॉन्च की गई। वहीं स्वच्छता योद्धाओं को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान स्वच्छता योद्धा मंजू देवी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की कलाई पर रक्षा सूत्र बांध उन्हें अपना भाई भी बनाया। साथ ही स्वच्छता योद्धाओं को 5 लाख



तक के निशुल्क उपचार के लिए आयुष्मान कार्ड भी दिए। वहीं मुख्यमंत्री ने आयोजन में शामिल हुए लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर ग्रेटर नगर निगम महापौर डॉ.सौम्या गुर्जर, डप्टी मेयर पुनीत कर्नावट भी मौजूद रहे। सीएम ने इस कार्यक्रम के बाद गोविंद देव जी के दर्शन कर तुलसी के पौधे बांटे।

### चतुर्वेदी ने सिविल लाइंस क्षेत्र में किया जनसंपर्क



भाजपा सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अरुण चतुर्वेदी ने घर-घर जनसंपर्क महा अभियान के तहत आज सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 59 में बूथ संख्या 77 पर जाकर आमजन से जनसंपर्क किया। इस दौरान डॉ. अरुण चतुर्वेदी ने आमजन को भाजपा की रीति और नीति बताते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाई। इस दौरान डॉ. चतुर्वेदी ने कहा कि ''घर-घर जनसंपर्क महाअभियान'' 17 से 19 सितंबर तक प्रदेश की सभी 200 विधानसभाओं में एक साथ चलाया जा रहा है। अभियान के प्रदेश संयोजक डॉ. अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि जनसंपर्क अभियान के तहत भाजपा वरिष्ठ नेताओं द्वारा विभिन्न बूथों पर संपर्क कर आमजन को सदस्यता ग्रहण करवा रहे है। 2 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सदस्यता ग्रहण करने के बाद देशभर में लोग भाजपा से जुड़ते जा रहे है।

**आदर्श नगर विधानसभा**

## रामचरण बोहरा ने बूथ स्तर पर की बैठक



जयपुर के पूर्व सांसद रामचरण बोहरा ने आदर्श नगर विधानसभा के आदर्श नगर मंडल में बूथ क्रमांक 78,108,109,110,118 पर बूथ समिति के सदस्यों के साथ भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान को लेकर बैठक की।

बैठक में बोहरा ने सभी कार्यकर्ताओं से अपने बूथ के प्रत्येक घर पर जाकर सदस्य बनाने की अपील की। इस दौरान पूर्व सांसद बोहरा ने घर-घर जाकर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आमजन को भाजपा की सदस्यता दिलवाई। बोहरा ने जनसंघ के समय के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को भी पुनः पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाई। इस दौरान आदर्श नगर विधानसभा संयोजक पवन कानूनगो, मंडल अध्यक्ष के एम पारीक, मंडल पदाधिकारी बूथ अध्यक्ष एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**झुंझुनूं में** बोले उपराष्ट्रपति धनखड़

## ओडीएफ का बड़ा रिजल्ट आया सामने



### 'स्वच्छता ही सेवा अभियान' का किया आगाज

बेधड़क | जयपुर

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को अपने गृह जिले झुंझुनूं में जिला मुख्यालय स्थित परमवीर पीरूसिंह राजकीय गवर्नमेंट स्कूल में 'स्वच्छता ही सेवा अभियान' का आगाज किया। यह कार्यक्रम सरकार की ओर से 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाया जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से 10 वर्ष पूर्व शुरू किए गए अभियान का बड़ा रिजल्ट देखने को मिल रहा है। देश में ओडीएफ (ओपन डिफेक्शन फ्री) का स्टेटस, 12 करोड़ शौचालय जमीनी हकीकत है। अभियान से माताओं और बहनों के लिए अभिशाप खत्म हुआ। कचरे का निस्तारण करने से औद्योगिक व्यवस्था का भी साधन बनता जा रहा है। हमारे गांव और शहर भी ओडीएफ होते जा रहे हैं।

### सौर ऊर्जा संयंत्र का उद्घाटन

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ अपनी पत्नी सुदेश धनखड़ के साथ मंगलवार को झुंझुनूं पहुंचे। हवाई पट्टी पहुंचने पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत और जिला कलेक्टर रामावतार मीणा, भाजपा नेताओं सहित जनप्रतिनिधियों ने स्वागत किया। इसके बाद उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कार्यक्रम स्थल पर 20 विभाग के स्टॉल का निरीक्षण किया। कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति ने 550 किलोवाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र का उद्घाटन किया और 13.18 करोड़ की लागत से ठोस कचरा प्रबंधन की आधारशिला रखी।

## भाजपा नेताओं के बोलने का स्तर ठीक नहीं: पायलट



**जयपुर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और राजस्थान के पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट मंगलवार को दौसा के भांडारेज में किसान सम्मेलन और स्वर्गीय मिट्ठू राम सैनी मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे।

इस दौरान मीडिया से बात करते हुए सचिन पायलट ने राजस्थान की भजनलाल सरकार पर हमला बोलते हुए कहा, "मैं मानता हूं सरकार पूरी तरह से फेल है । लॉ एंड ऑर्डर पूरी तरह चरमरा चुका है।" इस दौरान भाषा की शालीनता को लेकर सचिन पायलट भाजपा पर जमकर बरसे। भाजपा नेताओं की बयानबाजी को लेकर सचिन पायलट ने कहा, "भाजपा के नेताओं का बोलने का स्तर ठीक नहीं है। हाल ही में राहुल गांधी के लिए केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू का जो बयान आया है, वह निश्चित रूप से निंदनीय है। उन्हें माफी मांगनी चाहिए।"

**संघ प्रमुख ने बालनाथ आश्रम में लिया संतों का आशीर्वाद**

# संकटों की यह ताकत नहीं है कि भारत को मिटा सकें: मोहन भागवत

### भारत जमीन मात्र नहीं भारत में सनातन है

बेधड़क | जयपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंचालक डॉ. मोहनराव भागवत अलवर प्रवास पर हैं। मंगलवार को भागवत कोटपूतली बहरोड़ जिले में पावटा के पास बावड़ी स्थित बालनाथ आश्रम में अप्रेल 2024 से चल रहे श्री महामृत्युंजय महायज्ञ में सम्मिलित हुए। इस मौके पर उन्होंने देश में सुख शांति सुरक्षा एवं प्रगति के लिए यज्ञ मण्डप में स्थित शिव परिवार का विधिवत पूजन किया तथा गुरू पीठ महंत बस्तीनाथ का दुपट्टा, शॉल उढाकर श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उनके साथ क्षेत्रीय संघचालक डॉ. रमेश अग्रवाल भी उपस्थित रहे। गुरुपीठ महंत बस्तीनाथ ने सरसंघचालक का महायज्ञ में पधारने पर आभार प्रकट किया।

उन्होंने कहा सनातन संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए यज्ञ परम्परा का निर्वहन किया जा रहा है।

यज्ञ में बिना किसी भेट भाव तथा छुआ छूत के सर्व हिन्दू समाज भाग ले रहा है। सरसंघचालक ने वर्तमान परिस्थितियों में देश पर आने वाले संकटों का जिक्र करते हुए कहा कि



संकटों की यह ताकत नहीं है कि यह भारत को मिटा सके, भारत जमीन मात्र नहीं भारत में सनातन है, भारत के साथ सनातन धर्म है, सनातन धर्म के साथ भारत है तथा यज्ञ की विशेषताओं को बताते हुए कहा कि हमारी संस्कृति यज्ञमय संस्कृति है। यज्ञ में देना होता है अपने पास से देना होता है। अपने पास जो है वो जहां दे रहे है वहीं से आएगा।

### गरीब- पिछड़ों की उन्नति के लिए करने होंगे प्रयास

भागवत ने कहा हम पंच महाभूतों को यहां अग्नि ज्वाला में आहूति डालते है, लेकिन इनके लिए काम करना समझ में आना चाहिए। जैसे पृक्षारोपण का बड़ा अभियान चल रहा है क्योंकि वृक्षों ने हमको दिया है, वो नष्ट नहीं हो इसलिए पेड़ लगाना चाहिए। समाज में जो हमारे बंधु है गरीब है पिछड़े है, उनकी उन्नति के लिए हमें अपने प्रयास करने चाहिए। अपने पास जो है वो देकर उनको ऊपर उठाना चाहिए। क्योंकि ये सब है इसलिए हमारी रक्षा होती है।

### व्यक्ति निर्माण पर बात

संघ के शताब्दी वर्ष में व्यक्ति निर्माण के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा बहुत सारे विचार दुनिया में है और उनके अनुसार चलने वाले लोग भी इस दुनिया में है। परन्तु एक विचार पैदा होकर सौ साल चलने के बाद उन विचारों पर चलकर सत्य सिद्ध करने वाला आदमी उनके यहां नहीं है। हमारे यहां यह कृपा है कि आदि काल से अभी तक ऐसे अनेकों लोग हुए हैं, जो प्रत्यक्ष दिखाई देते हैं। उनको हम करते हुए देखते है। इसलिए हमारी श्रद्धा रहती है।

### पर्यावरण संरक्षण का संदेश

इस अवसर पर बस्तीनाथ ने सरसंघचालक को राष्ट की समृद्धि, सनातन की विजय तथा सर्व हिन्दू समाज की एकता के भाव को रखते हुए स्वर्णमण्डित सिद्ध श्रीयंत्र भेंट किया। वहीं सरसंघचालक ने गुरुपीठ परिसर में बिल्वपत्र का वृक्ष लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। क्षेत्र संघचालक डॉ. रमेश अग्रवाल, क्षेत्र प्रचारक निम्बाराम, प्रांत प्रचारक बाबूलाल सहित अखिल भारतीय, क्षेत्र, प्रांत के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कार्यकर्ताओं के साथ बैठक

अपने प्रवास के अंतिम दिन सरसंघचालक रमेश यादव और संघ के वरिष्ठ प्रचारक परमानंद के यहां पहुंचे और परिजनों से आत्मीय परिचय प्राप्त किया। परिवारजनों की और से सरसंघचालक के घर पर आने के लिए भावपूर्ण स्वागत सम्मान किया। सरसंघचालक जी ने संघ के वरिष्ठ प्रचारक परमानंद के निवास स्थान पर निर्माणाधीन मंदिर परिसर के बाहर बिल्वपत्र का पौधा लगाया।

## जरूरी खबर

### बाबा रामदेव मंदिर में 4 अक्टूबर को होगी मूर्ति स्थापना



**जयपुर।** बाबा रामदेव विकास समिति के तत्वावधान में मुख्य सोडाला स्थित प्राचीन बाबा रामदेव मंदिर में चार अक्टूबर को बाबा रामदेव जी महाराज की मूर्ति की स्थापना की जाएगी। इससे एक दिन पूर्व तीन अक्टूबर को कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा।बाबा रामदेव विकास समिति अध्यक्ष गिरधर राय भाटी ने बताया कि कलश यात्रा तीन अक्टूबर की सुबह आठ बजे बाबा रामदेव मंदिर सिविल लाइन मेट्रो स्टेशन के पास से रवाना होकर मुख्य मार्गों से होते हुए मुख्य सोडाला स्थित प्राचीन बाबा रामदेव मंदिर पहुंचेगी। बाबा रामदेव की मूर्ति स्थापना समारोह में प्रदेश और शहर के जाने-माने संत- महात्मा, मंदिरों के महंत जनप्रतिनिधि और शहर के गणमान्य लोग शामिल होंगे। इसके बाद महाप्रसादी (भंडारा) का कार्यक्रम होगा।

### विश्वकर्मा जयंती को राष्ट्रीय श्रम दिवस घोषित करें



**जयपुर।** विश्वकर्मा जयंती पर भारतीय मजदूर संघ के नेतृत्व में श्रम रैली निकाली गई। रैली सिंधी कैंप से दोपहर 1 बजे शुरू होकर शहीद स्मारक पर सभा के साथ समाप्त हुई। इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री हरिमोहन शर्मा, संघ के अखिल भारतीय उपाध्यक्ष राजबिहारी शर्मा, भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह डाबी, भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री हरिमोहन शर्मा ने विश्वकर्मा के जयंती को राष्ट्रीय श्रम दिवस घोषित करने की मांग की। इस दिन प्रदेश भर के श्रमिक कारीगर, मजदूरों ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की। श्रमिकों ने अपने औजारों का पूजन कर मिठाई बांटी।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

**मुहाना में जयपुर फल सब्जी थोक विक्रेता संघ के नेतृत्व में एक मंच पर आए मंडी व्यापारी**

# एकजुट होंगे तभी सुनेगा शासन और प्रशासन आवाज

बेधड़क | जयपुर

फल सब्जी मंडी मुहाना में जयपुर फल सब्जी थोक विक्रेता संघ के नेतृत्व में मंडी व्यापारी एक मंच पर आए। योगेश तंवर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुए कार्यक्रम में मुहाना टर्मिनल मार्केट के सभी मुख्य व्यापारियों ने मंडी को सुचारु रूप से चलाने और मंडी में चल रहे समस्याओं का समाधान निकालने पर चर्चा की। कार्यक्रम में मुहाना थाना इंचार्ज मदन कड़वासरा भी अपने स्टाफ के साथ उपस्थित हुए।



मुहाना थाना इंचार्ज ने मंडी के सभी व्यापारियों से अपराधों की रोकथाम के लिए अपने दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की अपील की। जयपुर फल थोक विक्रेता संघ के अध्यक्ष गोविंद चेलानी ने व्यापारियों से कहा कि हमें एक आवाज में सरकार से मंडी की मांगो को उठाना चाहिये, जिससे सरकार समय रहते हमारी मांगे पूरी करेगी। अगर सभी व्यापारी मिल कर चलेंगे तो सरकार भी दबाव में रहेगी।

### सभी का सर्वोपरि हित मंडी विकास

जयपुर फल व सब्जी थोक विक्रेता संघ के अध्यक्ष योगेश तंवर ने कहा- हमारी पहली प्राथमिकता मंडी में कार्यरत सभी व्यापारिक संगठनों को एक माला में पिरोने का हैं। सब एकजुट होकर कार्य करेंगे तो निश्चित रूप से मंडी एशिया की सबसे बड़ी मंडी होने का गर्व हासिल करेगी। व्यापारियों में बिखराव हैं उन्हें मिल कर एक आवाज बनना होगा, जब ही शासन–प्रशासन उनकी मांगों पर गंभीरता पूर्वक विचार करेगा। मिल कर चलने से संगठनों और सदस्यों में एकता का संचार होगा और समस्याओं का समय से निराकरण हो सकेगा। तंवर ने कहा की धीरे-धीरे मंडी में कार्यरत सभी छोटे -बड़े संगठनों को भी इसी विचार के साथ एक छतरी के नीचे लाने का प्रयास करेंगे जिसमें सभी का सर्वोपरि हित मंडी विकास होगा ।

### ये व्यापारी रहे मौजूद

इस अवसर पर जयपुर फल थोक विक्रेता संघ के अध्यक्ष गोविंद चेलानी, महामंत्री कैलाश फाटक, राजेंद्र नारंग, महेंद्र लख्यानी, अशोक ,संरक्षक सत्य नारायण सैनी ,छोटे लाल गुर्जर, बाबूलाल गुप्ता ,वासुदेव हेमरजानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतीश रावत, वरिष्ठ सलाहकार फईम कुरेशी, उपाध्यक्ष इमरान कुरेशी, महामंत्री देवेंद्र कुमार जैन, मंत्री इंद्र कुमार सैनी, कोषाध्यक्ष पुष्पेंद्र मावर ,सलाहकार संजय सैनी, सुनील गोयल, संगठन मंत्री रमेश कूलवाल, कन्हैया लाल चौधरी, प्रचार मंत्री मनोज सलूजा , राजेश सैनी, जयपुर मुहाना आलू आढ़तिया संघ से अध्यक्ष मदन शर्मा ,दयानंद ,महेंद्र मूलचंदानी समेत प्रमुख व्यापारी शामिल हुए।

**'स्वच्छता ही सेवा 2024' अभियान के पखवाड़े की शुरुआत**

# आम जनता के साथ नगर निगम अधिकारियों ने भी की सफाई

बेधड़क | जयपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर 'स्वच्छता ही सेवा 2024' पखवाड़े का मंगलवार शुभारंभ किया गया। दो अक्टूबर तक चलने वाले अभियान में शहर में सघन सफाई अभियान चलाया जाएगा। साथ ही जागरूकता के लिए विभिन्न आयोजन भी किया जाएंगे। इस दौरान हेरिटेज निगम के सभी जोन उपायुक्त ने आमजन के सहयोग से सफाई अभियान चलाया।

आदर्श नगर जोन उपायुक्त युगांतर शर्मा के नेतृत्व में सफाई कर्मचारी और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने घाट की गुणी जामडोली रोड स्थित जग्गा की बावड़ी में सफाई की। बावड़ी से करीब दो ट्रॉली कचरा बाहर निकाला। वहीं, सिविल लाइन जोन उपायुक्त राकेश शर्मा के नेतृत्व में सिविल लाइन 22 गोदाम पुलिया के नीचे सफाई अभियान चलाया। उपायुक्त राकेश शर्मा ने बताया कि अभियान में 300 लोग शामिल हुए, जिनमें कई जनप्रतिनिधि, निगम कर्मी और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान करीब 200 किलो कचरा एकत्रित हुआ।



### मुख्यमंत्री ने समझा कचरे से बिजली बनाने का प्लान

जयपुर। स्वच्छता ही सेवा अभियान के दौरान हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा सीएम भजन लाल शर्मा को वेस्ट टू एनर्जी प्रोजेक्ट के बारे जानकारी दी। वेस्ट टू एनर्जी प्रोजेक्ट जमवा रामगढ़ रोड पर लांगड़ियावास में लगाया गया है, जो कि मार्च 2025 तक बनकर तैयार हो जाएगा। इस प्लांट के रोजाना एक हजार टन कचरे की खपत होगी और करीब 12 मेगावाट बिजली कचरे से उत्पन्न होगी। ठोस कचरा प्रबंधन के लिए जयपुर स्मार्ट सिटी और हेरिटेज निगम द्वारा खरीदे वाहनों को मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### यहां पर भी चलाया गया अभियान

अलावा किशनपोल जोन में उपायुक्त पूजा मीना के नेतृत्व में छोटी चौपड़, त्रिपोलिया बाजार, बड़ी चौपड़ और किशनपोल बाजार में सफाई अभियान चलाया। अभियान में स्थानीय जन प्रतिनिधि और व्यापार मंडल का सहयोग रहा। वहीं हवामहल आमेर जोन में दिल्ली बायपास रोड पर सफाई अभियान चलाया गया। उपायुक्त सीमा चौधरी ने बताया कि सफाई अभियान में तीन हूपर कचरा एकत्र किया गया।



### 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' रहेगी थीम

हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा बताया कि कार्यक्रम में आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निगम क्षेत्र में स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता की थीम पर विभिन्न गतिविधियां भी कराई जाएंगी। इनमें नागरिक, समुदाय और सामाजिक संगठनों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए स्वच्छता क्विज, पौधरोपण, स्वच्छता शपथ, स्वच्छता रैली, का आयोजन किया जाएगा। स्कूल - कॉलेज में स्वच्छता की पाठशाला में प्रतियोगिता, क्विज और पेंटिंग कराई जाएगी। आयुक्त अभिषेक सुराणा ने बताया कि वहीं सफाई व्यवस्था अच्छी होने पर स्वच्छ वार्ड और स्वच्छ गार्डन प्रतियोगिता भी होगी, जिसकी घोषणा भी को जाएगी।

**प्रताप नगर इलाके की घटना**

# घर का गेट खोल रही महिला की चेन तोड़कर ले गए बदमाश

बेधड़क | जयपुर

प्रताप नगर थाना इलाके में चेन स्नैचर घर का मेन गेट खोल रही बिजनेसमैन की पत्नी को स्कूटी समेत गिराकर उसके गले से चेन तोड़कर भाग गए। हेड कॉन्स्टेबल हरदयाल ने बताया कि चेन स्नैचिंग की वारदात प्रताप नगर के श्योपुर रोड निवासी पूनम जैन (38) पत्नी देवेंद्र कुमार जैन के साथ हुई। सोमवार रात को पूनम सांगानेर गोशाला के पास स्थित मंदिर में दर्शन करने गई थीं। रात करीब 9 बजे वह घर लौटीं और स्कूटी पर बैठे-बैठे घर का मेन गेट खोल रही थीं। इसी दौरान पीछे से बाइक पर दो बदमाश आए। एक बदमाश



नीचे उतरा और गले पर झपट्टा मारकर पूनम को गिरा दिया और गोल्ड चेन तोड़कर भाग गया। पूनम के शोर मचाने पर लोगों ने बदमाशों का पीछा किया, लेकिन दोनों बाइक पर बैठकर तेजी से फरार हो गए। प्रताप नगर थाना पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बाइक सवार चेन स्नैचरों की तलाश कर रही है।

## चलते टेम्पो में बिगड़ी तबीयत सवारी नीचे गिरी और मौत

**जयपुर।** टेम्पो में सफर कर रहे एक व्यक्ति की मंगलवार सुबह अचानक तबीयत बिगड़ गई। चलते टेम्पो से नीचे गिरा और मुंह से झाग निकलने लगे। अस्पताल पहुंचाने से पहले ही उनकी मौत हो गई। पुलिस को उनकी जेब में दो टैबलेट रखी मिली है। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए शव को मॉर्च्युरी में रखवाया है। संजय सर्किल एसएचओ अनिल यादव ने बताया कि मृतक रफीक करैशी (50) निवासी कुरैशी कॉलोनी संजय सर्किल है। उनकी झोटवाड़ा में मीट शॉप थी। पुलिस को रफीक की जेब में दो टैबलेट मिली। डॉक्टर्स ने चेक कर रफीक के रेगुलर लेने वाली टैबलेट होना बताया।

**बेरोजगारी पर ठोस कदम नहीं तो आंदोलन की चेतावनी**

# युवा कांग्रेस ने किया सद्बुद्धि यज्ञ

बेधड़क | जयपुर

भारतीय युवा कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन बेरोजगार दिवस के रूप में मनाया। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर प्रदेश प्रभारी अरुणा महाजन और राजस्थान युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अभिमन्यु पूनिया के नेतृत्व में सद् बुद्धि यज्ञ भी किया गया।



इस दौरान अभिमन्यु पूनिया ने कहा कि राजस्थान की सरकार प्रधानमंत्री का जन्मदिन मना रही है, जबकि प्रदेश में महंगाई, बेरोजगारी, अपराध बेलगाम हो चुके हैं। इन पर प्रदेश सरकार का कोई ध्यान नहीं है। पूनिया ने चेतावनी दी कि अगर बेरोजगारी को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाते है तो पूरे प्रदेश में बेरोजगारों के हित में युवा कांग्रेस सड़कों पर उतरेगी और विरोध प्रदर्शन करेगी। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश मीणा, प्रदेश उपाध्यक्ष पूजा भार्गव, जयपुर शहर जिलाध्यक्ष राकेश सैनी, जयपुर ग्रामीण जिलाध्यक्ष धर्मवीर गुर्जर, कोटपूतली ज़िलाध्यक्ष ओमप्रकाश जिंदड, जयपुर संभाग प्रभारी आशीष बैरवा, प्रदेश उपाध्यक्ष उज्ज्वल शर्मा, प्रदेश महासचिव टीकम जाट, मूलचन्द्र, चंद्रकांत चौहान, अनिल चौधरी, सुरेंद्र, अरूणा महाजन आदि मौजूद रहे।

**वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एक माह तक करेंगे जयपुर के थानों का निरीक्षण**

# श्रेष्ठ होंगे पुरस्कृत, कमजोर के नाम करेंगे उजागर

बेधड़क | जयपुर

जयपुर पुलिस कमिश्नरेट के सभी थानों, चौकियों और कार्यालय का अभियान चलाकर एक माह तक सघन निरीक्षण किया जाएगा। इसके पीछे उद्देश्य आम जनता की समस्याओं के समाधान एवं मुद्दों पर बेहतर कार्य किया जा सके है।

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जार्ज जोसफ ने बताया कि पुलिस महानिदेशक एवं महानिरीक्षक पुलिस सम्मेलन 2023 के पारित निर्देशों की पालना में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा पुलिस थानों का निरीक्षण एवं दौरा किया जाए। इसकी अनुपालना में जयपुर पुलिस द्वारा 17 सितंबर से 15 अक्टूबर तक एक माह सघन निरीक्षण अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि निरीक्षण में सभी पुलिस थानों, सड़क दुर्घटना अनुसंधान इकाइयों, पुलिस चौकियों एवं कार्यालय के परिसरों की साफ सफाई, सौंदर्यकरण, रिकॉर्ड संधारण, विभिन्न प्रकरणों में जब्त शुदा वाहनों, माल खाना मदों का रखरखाव आदि कार्यो का अवलोकन किया जाएगा।



पुलिस कमिश्नरेट जयपुर के सभी पुलिस थानों, सड़क दुर्घटना अनुसंधान इकाइयों, पुलिस चौकियों एवं कार्यालयों का उच्चाधिकारियों द्वारा निरीक्षण कर उत्कृष्ट कार्य किए जाने वाले दो पुलिस थानों का चयन किया जाएगा। उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस थानों को पुलिस कमिश्नर द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। अभियान में सबसे कमजोर पाए गए दो इकाईयों के नाम भी सार्वजनिक किया जाएगा।

**उद्यानिकी शाखा की रिव्यू बैठक में जेडीसी आनन्दी ने दिए निर्देश**

# जयपुर की मुख्य सड़कों के मीडियन में लगाए जाएंगे समान ऊंचाई के पौधे

बेधड़क | जयपुर

जेडीसी आनन्दी द्वारा मंगलवार को चिंतन सभागार में उद्यानिकी शाखा की रिव्यू बैठक ली। बैठक में उद्यानिकी शाखा के अधिकारियों द्वारा शहर के पार्कों का पावर प्वाईंट प्रजेन्टेंशन के माध्यम से प्रस्तुतीकरण किया गया।

बैठक में बताया कि जयपुर विकास प्राधिकरण के क्षेत्राधिकार में आने वाले उद्यानों को चार भागों में बांटा गया है जिसमें कुल 101 पार्क हैं इनमें से 10 मुख्य पार्क है। जेडीए की उद्यानिकी शाखा द्वारा आमजन को अब तक करीब 10 हजार पौधों का वितरण किया जा चुका है, जिससे शहर में सघन पौधारोपण हो सकेगा।




### उद्यानों में ऑक्सीजोन विकसित किए

जेडीए द्वारा ग्राम हाथोज, लोहा मण्डी, लालचन्दपुरा एवं ट्रांसपोर्ट नगर में सड़क के दोनों ओर प्लाटेंशन का कार्य करवाया जा चुका है। साथ ही लालचन्दपुरा, जीरोता में वुडलैंण्ड पार्क विकसित किया गया है। इन उद्यानों के साथ-साथ शहर में सघन पौधारोपण कर हरियाली एवं सुंदरता बढाने के साथ-साथ विभिन्न उद्यानों में ऑक्सीजोन विकसित किए गए हैं। बैठक में जेडीसी ने सड़कों के दोनों ओर किए गए प्लाटेंशन के साथ-साथ पौंधों की सुरक्षा एवं नियमित रूप से देखभाल करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने जिन उद्यानों के नियमित रख-रखाव में कोई वित्तीय परेशानी आ रही है तो उसकी तत्काल प्रभाव से प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति लेने के निर्देश दिए। सांगानेर विधानसभा में उद्यानिकी शाखा द्वारा भारत माता सर्किल पर सघन वृक्षारोपण कर पार्क विकसित किया गया है। जिसकी नियमित देखभाल व सुचारू रूप से रख-रखाव करने के निर्देश दिए।

### वन्य जीवों के लिए बन रहा है रेस्क्यू सेन्टर

जेडीसी ने उद्यानिकी शाखा को राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट - 2024 के मद्देनजर शहर की सभी मुख्य सड़कों के मीडियन में समान उंचाई के पौंधे लगाए जाने के निर्देश दिए। बैठक में उद्यानिकी शाखा के अधिकारियों ने बताया कि वन विभाग द्वारा बजट घोषणा के तहत नाहरगढ़ क्षेत्र में टाइगर सफारी विकसित किया जा रहा है टाइगर सफारी कार्य की व्यय राशि एवं सिविल कार्य जविप्रा द्वारा करवाए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त जेडीए द्वारा नाहरगढ़ वन्य क्षेत्र में वन्य जीवों के लिए रेस्क्यू सेन्टर तैयार किया जा रहा है।

## द्रव्यवती नदी पर हसनपुरा में अतिक्रमण नहीं हटा पा रहा जेडीए, निर्माण में आ रही बाधा

**जयपुर।** जेडीए लम्बे समय बाद भी द्रव्यवती नदी पर हसनपुरा में किए गए अतिक्रमण को नहीं हटा पाया है। इसके चलते द्रव्यवती पर चल रहे निर्माण कार्य में बाधा आ रही है। मंगलवार को चिन्तन सभागार में द्रव्यवती नदी परियोजना की रिव्यू बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा द्रव्यवती नदी में करवाए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा की गई। इसमें कहा गया कि जेडीए द्वारा अब तक द्रव्यवती नदी परियोजना के स्वरूप को निखारने के लिए निरर्थक प्रयास किए गए। बैठक में टाटा कंसलटेंसी द्वारा द्रव्यवती नदी परियोजना में हसनुपरा क्षेत्र में करीब 350 मीटर में अतिक्रमण हटाने के लिए कहा। इसमें से 270 मीटर में पूर्व में अतिक्रमण हटाया जा चुका है शेष 80 मीटर में आ रहे अतिक्रमियों को जेडीए नहीं हटा पाया है। बैठक में द्रव्यवती नदी परियोजना क्षेत्र सुशीलपुरा में 30 एमएलडी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लान्ट निर्माण किया जाना प्रस्तावित है जिस पर जेडीए ट्रीब्यूनल न्यायालय का स्टे होने के कारण कार्य रूका हुआ है। इसके लिए न्यायालय में प्रभावी पैरवी कर स्टे खारिज करवाने के निर्देश दिए। साथ ही सर्वे ऑफ इण्डिया के मानचित्र एवं सेटलमेंट विभाग की रिपोर्ट अनुसार खसरो का सुपर इम्पोज कर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही अमल में लाने के निर्देश दिए।

## जरूरी खबर

### गणेश विसर्जन में तीन चचेरे भाई डूबे, दो की मौत



**प्रतापगढ़।** जिले के छोटीसादड़ी थाना क्षेत्र के बरवाड़ा गुर्जर गांव में मंगलवार को बरसाती नाले में गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान तीन चचेरे भाई डूब गए। इनमें से दो की मौत हो गई। जबकि एक बालक अचेत हो गया। उसे उपचार के लिए चित्तौड़गढ़ रैफर किया गया है। थाना प्रभारी अनिल देवल ने बताया कि गांव के पांच चचेर भाई-बहन गांव से कुछ दूरी पर स्थित मंदिर के पास नाले में गणेशजी की प्रतिमा विसर्जन करने गए थे। जहां तीन बालक नाले में डूब गए।

### जिला कलेक्टर की रात्रि चौपाल एवं जनसुनवाई आज

**सीकर** । जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा बुधवार को दांतारामगढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत पचार में रात्रि चौपाल एवं जनसुनवाई करेंगे। रात्रि चौपाल प्रभारी संबंधित उपखण्ड अधिकारी होंगे तथा तहसीलदार सहायक प्रभारी होंगे। रात्रि चौपाल में राजस्व, महिला एवं बाल विकास, रसद, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि तथा पशुपालन विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी, ब्लॉक स्तरीय अधिकारी अपने विभागों में संचालित समस्त योजनाओं की सूचना साथ लेकर उपस्थित रहेंगे।

### जेल के औचक निरीक्षण में मिले मोबाइल फोन



**जैसलमेर।** जिला कारागृह का मंगलवार को पुलिस की एक टीम ने अचानक निरीक्षण किया। टीम को जेल में तलाशी के दौरान 2 मोबाइल फोन और 1 इंटरनेट डोंगल मिला। पुलिस अब नियमानुसार मामले की जांच कर एफआईआर दर्ज करेगी। पुलिस उपाधीक्षक राजेश शर्मा ने बताया कि डीएसटी टीम सहित 15 पुलिसकर्मियों की टीम के साथ वे स्वयं पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी के निर्देशानुसार जैसलमेर जेल का निरीक्षण करने गए थे। जेल के अंदरूनी हिस्से के पीछे की तरफ निरीक्षण के दौरान पत्थरों के बीच 2 मल्टीमीडिया मोबाइल फोन और 1 डोंगल मिला। इसके बाद पुलिस ने तीनों को जब्त कर लिया।

## प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर शेफ हर्षवर्धन सिंह शक्तावत का अनोखा अंदाज

# शेफ ने तरबूज पर उकेरी प्रधानमंत्री मोदी की हुबहू तस्वीर

**बेधड़क** | उदयपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मंगलवार को देशभर में हर्षोल्लास से मनाया गया है। इस मौके पर उदयपुर के एक छोटे से गांव के कलाकार ने तरबूज पर मोदी की हुबहू तस्वीर उकेर कर प्रधानमंत्री के प्रति समर्पण दिखाया। यह तस्वीर लोगों को बहुत पसंद आई। कलाकार कहना है कि उसे आज बहुत खुशी है कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर यह यादगार तस्वीर उन्होंने बनाई। उदयपुर के वल्लभनगर क्षेत्र के हींता गांव के रहने वाले होटल शेफ हर्षवर्धन सिंह शक्तावत ने अपनी कलाकारी से सबका दिल जीत लिया है। उन्होंने तरबूज लेकर उस पर अपनी कला को दिखाते हुए प्रधानमंत्री की तस्वीर तैयार की। हर्षवर्धन की यह कलाकारी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। लोग उनकी इस प्रतिभा की तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, ये हुबहू मोदी की तस्वीर तरबूजे पर उकेर कर कमाल कर दिया। हर्षवर्धन की यह अनूठी कलाकारी न सिर्फ उनकी प्रतिभा को दर्शाती है, बल्कि उनके दिल में अपने आदर्शों के प्रति सम्मान को भी दिखाती है। उनके इस प्रयास ने प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के साथ अपनी कला को भी खास बना दिया है।





### ग्रेजुएशन के बाद अपनाया शेफ का काम

हर्षवर्धन ने बताया कि उनके घर की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी, इसलिए ग्रेजुएशन के बाद उन्होंने अपने चाचा के होटल में हाथ बंटाना शुरू किया। यहीं से उन्हें एक दोस्त के जरिए शेफ के बारे में जानकारी मिली और उन्होंने होटल मैनेजमेंट करने का निर्णय लिया। 2017 में उन्होंने होटल मैनेजमेंट का कोर्स किया और फिर गोल्डन ट्यूलिप में ट्रेनिंग की फिर यान वेलनेस रिसोर्ट में पहली जॉब किया, आज वे लेक एंड होटल में शेफ के रूप में कार्यरत हैं।

## भैरुजी मेले में पदयात्रा में जा रही महिलाओं को कार ने रौंदा

# हादसे में ननद-भाभी की हुई मौत, एक महिला घायल

### शरीर के टूकड़ों को चुनना पड़ा

**बेधड़क** | बीकानेर

श्रीडूंगरगढ़ स्थित तौलियासर भैरुंजी मंदिर में चल रहे मेले में शामिल होने के लिए पैदल जा रही ननद-भाभी सहित 3 महिलाओं को मंगलवार तड़के समय एक कार ने कुचल दिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि महिलाओं की बॉडी के टुकड़े सड़क पर बिखर गए। पैर सहित शरीर के तमाम अंग कटकर दूर जा गिरे। ननद-भाभी ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि एक अन्य महिला गंभीर रूप से घायल है। पुलिस ने शव के एक-एक टुकड़े को चुनकर चादर में रखा। इसके बाद उसे पोटली बनाकर ले गए।

जानकारी के अनुसार एक ही परिवार की 3 महिलाएं मंगलवार सुबह करीब 4 बजे श्रीडूंगरगढ़ (बीकानेर) में स्थित तौलियासर भैरुंजी मंदिर जा रही थीं। मंदिर से करीब 2 किमी पहले ये हादसा हो गया। हादसे के बाद कार का ड्राइवर मौके पर गाड़ी छोड़कर भाग गया।



### मेला मार्ग वनवे नहीं करने से लोगों में रोष

श्रीडूंगरगढ़ थानाधिकारी इंद्र कुमार ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी तौलियासर भैरुंजी मंदिर में मेला चल रहा है। हजारों की संख्या में लोग दर्शन करने के लिए आ रहे हैं। मंगलवार तड़के आडसर बास की रहने वाली राखी (34) पत्नी आनंद और खुशी (20) पुत्री नथमल तावणिया भी दर्शन करने निकली थीं। मंदिर मार्ग पर ही कार ने 3 महिलाओं को चपेट में ले लिया। इसमें राखी और खुशी की मौत हो गई है। माया (25) पत्नी घनश्याम सारस्वत निवासी आडसर बास, बीकानेर गंभीर रूप से घायल हो गई है। इसे श्रीडूंगरगढ़ के सरकारी हॉस्पिटल ले जाया गया था। यहां से डॉक्टरों ने बीकानेर रेफर कर दिया है। उधर, मेले के दिन इस मार्ग को 'वन वे' नहीं करने से लोगों में आक्रोश है।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से दो मजदूरों की मौत, दो घायल

**बाड़मेर।** जिले में मंगलवार को सड़क हादसे में दो मजदूरों की मौत हो गई। जबकि दो अन्य घायल हो गए। जानकारी के अनुसार 4 लोग ट्रैक्टर में सवार होकर नर्मदा पाइपलाइन का लीकेज ठीक करने जा रहे थे। इस दौरान ढलान में बेकाबू होकर ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई।

दरसअल, मंगलवार को जलदाय विभाग के एक ठेकेदार के साथ काम करने वाले 4 मजदूर ट्रैक्टर में प्लास्टिक पाइप और लोहे का सामान भरकर खलीफे की बावड़ी से आकली गांव की तरफ नर्मदा पाइपलाइन में लीकेज ठीक करने जा रहे थे। इस दौरान गडरा रोड थाना इलाके कोरकारी जैसिंधर स्टेशन के पास सड़क पर ढलान में ट्रैक्टर बेकाबू हो गया। जिससे ट्रैक्टर की ट्रॉली पलट गई। इसके नीचे दबने से डामराराम (45) और अवताराराम (25) की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि पारसराम और द्वारकाराम घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया। गडरा रोड थानाधिकारी ओमप्रकाश के अनुसार कोरकारी जैसिंधर स्टेशन के पास ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से दो लोगों की मौत हुई है और दो अन्य लोग घायल हुए हैं। जिन्हें गडरा रोड अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अचानक ट्रैक्टर-ट्रॉली बेकाबू होने से हादसा हुआ है।

## लीजेंड्स लीग क्रिकेट के लिए जोधपुर पहुंचे इरफान खान

# लीग में कोणार्क सूर्या ओडिशा और मणिपाल टाइगर्स में होगा मुकाबला

**बेधड़क** | जोधपुर



शहर के बरकतुल्लाह खां स्टेडियम में होने वाले लीजेंड्स लीग क्रिकेट (LLC) के लिए खिलाड़ियों के जोधपुर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो चुका है। मंगलवार को इरफान पठान जोधपुर पहुंचे हैं। पूर्व क्रिकेटर शिखर धवन, दिनेश कार्तिक भी जल्द ही जोधपुर पहुंचेंगे।

बता दें कि 20 सितंबर को बरकतुल्ला खां स्टेडियम में पहला मैच होगा। यह मैच कोणार्क सूर्या ओडिशा व मणिपाल टाइगर्स के बीच शाम 7 बजे खेला जाएगा। इसके लिए तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। इरफान पठान कोणार्क सूर्या ओडिशा टीम के कप्तान हैं। बता दें कि पहले यह टीम भीलवाड़ा किंग्स के नाम से थी। जिसे एलएनजे भीलवाड़ा ग्रुप्स से सनप्रिया ग्रुप्स ने खरीद लिया। ऐसे में इस लीग की कोणार्क सूर्या ओडिशा टीम पहली बार जोधपुर में खेलेगी।

जोधपुर में एलएलसी के कुल 6 मैच खेले जाएंगे। जिसके ऑनलाइन टिकट बिकने शुरू हो चुके हैं। 20 तारीख से 26 तारीख तक 6 मैच जोधपुर में होंगे। 20 को पहला मैच शाम 7 बजे कोणार्क सूर्या ओडिशा व मणिपाल टाइगर्स के बीच होगा। 21 को दोपहर 3 बजे मैच शुरु होगा यह मैच इंडिया कैपिटल्स हैदराबाद टीम के बीच होगा। 22 सितंबर को दोपहर 3 बजे मणिपाल टाइगर्स व गुजरात जाइट्स के बीच होगा। 23 सितंबर को सदर्न सुपरस्टार्स व गुजरात टीम के बीच मैच होगा। 24 को ब्रेक रहेगा कोई मैच नहीं होगा। 25 को हैदराबाद टीम व सदर्न सुपर स्टार के बीच शाम 7 बजे मैच होगा। 26 को सदर्न सुपर स्टार्स व गुजरात टीम के बीच मैच होगा।

## स्थानीय निकाय निदेशालय ने जारी किए आदेश

# अब हरिओम पुरी बने कैथून नगर पालिका के अध्यक्ष

**बेधड़क** | कोटा

कैथून नगर पालिका अध्यक्ष व कांग्रेस पार्षद आईना महक को राज्य सरकार की ओर से निलंबित करने के बाद अब नगर पालिका के उपाध्यक्ष हरिओम पुरी को अध्यक्ष पद का कार्यभार सौंपा गया है। यह आदेश डीएलबी निदेशक ने जारी किए हैं। इसके बाद हरिओम पुरी ने अध्यक्ष का कार्यभार भी संभाल लिया है।

स्वायत शासन विभाग के निदेशक और विशिष्ट सचिव कुमार पाल गौतम ने आदेश जारी किए हैं। जिसमें बताया है कि अध्यक्ष नगर पालिका कैथून का पद सामान्य श्रेणी का है, ऐसे में राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 के तहत उपाध्यक्ष को अध्यक्ष पद का कार्यभार दिया जाता है। हरिओम पुरी का कहना है कि कैथून कोटा का उपनगर है, लेकिन अभी भी विकास में पिछड़ा हुआ है। ऐसे में उनकी प्राथमिकता स्पीकर ओम बिरला और विधायक कल्पना देवी के मार्गदर्शन में विकसित करवाना है। पूरी को कार्यभार ग्रहण करने पर पार्षदों ने बधाई दी है।



## रेस्क्यू करने में वन विभाग के कर्मचारियों को कड़ी मशक्कत

# 14 फीट लंबे अजगर ने जिंदा श्वान को निगला

**बेधड़क** | अलवर

शहर के प्रताप बंध स्थित आबादी क्षेत्र में बीते 2 दिन से अजगर के आने से क्षेत्रवासियों में दहशत का माहौल बना हुआ है। सोमवार शाम को अजगर ने एक जिंदा श्वान को निगल लिया, जिसके चलते इसका करीब 40 किलो से ज्यादा वजन बढ़ गया। क्षेत्र वासियों ने वन विभाग को इसकी सूचना दी, जिसके बाद टीम ने कड़ी मशक्कत कर अजगर को रेस्क्यू किया और बाला किला जंगल में सुरक्षित स्थान करणीवन पर छोड़ दिया। प्रतापबंध स्थित आश्रम के महंत हरभयनाथ ने बताया कि पिछले दो दिनों से प्रतापबंध बावड़ी के पास आबादी क्षेत्र में अजगर पड़ा हुआ था, जिसके चलते लोगों में डर का माहौल था। सोमवार को अजगर ने पास ही घूम रहे श्वान को अपना शिकार बनाया और जिंदा निगल लिया। रेस्क्यू टीम के सदस्य व वन्यजीव प्रेमी लोकेश खंडेलवाल ने बताया कि अजगर करीब 12 से 14 फीट लंबा था। श्वान के बच्चे को शिकार बनाने के चलते अजगर का वजन करीब 70 से ज्यादा किलो तक हो गया।



लोकेश खंडेलवाल ने बताया कि रेस्क्यू टीम जब मौके पर अजगर को रेस्क्यू करने के लिए पहुंची तब अजगर घायल अवस्था में मिला। वहीं, अजगर का वजन भी काफी बढ़ गया था। इस कारण अजगर को रेस्क्यू करने में कड़ी मेहनत करनी पड़ी। इसके बाद रेस्क्यू टीम के सदस्यों ने अजगर को बाला किला के जंगल में सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया।

## मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव कार्यक्रम में बोले मंत्री...

# पीएम मोदी ने गरीब व्यक्ति को आवास दिलाकर घर का सपना पूरा किया : दक

**बेधड़क** | सवाईमाधोपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय पर मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव और शिलान्यास व लोकार्पण समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में सहकारिता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार और सवाईमाधोपुर जिला प्रभारी मंत्री गौतम कुमार दक सहित अन्य ने शिरकत की। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण वीसी के माध्यम से जयपुर हुआ। इसमें चिकित्सा गजेन्द्र सिंह खींवसर एवं विधि एवं विधिक कार्य विभाग मंत्री जोगाराम पटेल ने भी सम्बोधित किया।

इस दौरान जिला प्रभारी मंत्री गौतम कुमार दक ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिन पर बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने आम आदमी को भ्रष्टाचार मुक्त शासन देने के लिए सीधे ही लाभार्थियों के खाते में राशि का हस्तांतरण करने का अनूठा कार्य किया है। पीएम आवास योजना के माध्यम से जिन गरीब व्यक्तियों के पास स्वयं के आवास नहीं थे उन्हें भी आवास प्रदान कर उनके घर का सपना साकार किया।



उन्होंने पीएम किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत प्रधानमंत्री ने सभी किसान भाईयों को 6-6 हजार रूपए देने की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री ने 2 हजार रूपए बढ़ाकर प्रदेश के हर किसान के चेहरें पर मुस्कान लाने का कार्य किया है। इस दौरान उन्होंने नव नियुक्त युवा कार्मिकों को नियुक्ति पत्र, पीएम आवास योजना ग्रामीण के प्रमाण पत्र, सहकार दुर्घटना बीमा योजना में स्वीकृत क्लैम राशि 10-10 लाख के 2 चैक मृतक सदस्य के नॉमिनी मुरारी लाल मीणा एवं गुल बाई को वितरित किए।

### 71 जनों को नियुक्ति पत्र दिए तो खिल गए चेहरे

**पाली।** पाली प्रभारी मंत्री झाबर सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला परिषद पाली में आयोजित कार्यक्रम में लाभार्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये और उनसे संवाद हुआ। नियुक्ति पत्र पाकर लाभार्थियों के चेहरे खिले और उन्होंने सरकार को धन्यवाद दिया।

इस अवसर पर पाली प्रभारी मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पानी बिजली और आधारभूत ढांचो के विकास के लिये तत्पर है व कृतसंकल्प है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा है कि प्रदेश विकसित राज्य बने। इस अवसर पर समारोह में जयपुर से आयोजित कार्यक्रम में मुख्य समारोह जयपुर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ । इस अवसर पर पाली जिला प्रमुख रश्मि सिंह, संभागीय आयुक्त डॉ प्रतिभा सिंह, महापौर नगर निगम, रेखा राकेश भाटी, जिला कलक्टर एलएन मंत्री, एसपी,चुनाराम जाट सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी एवं लाभार्थी मौजूद रहे।

### विधायक रामावतार बैरवा के नेतृत्व में झाड़ू लगाकर स्वच्छता के प्रति दिया संदेश

**चाकसू।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 74 वें जन्मदिन पर चाकसू में सेवा पखवाड़ा की शुरुआत स्वच्छता अभियान से हुई। चाकसू विधायक रामावतार बैरवा के नेतृत्व में भाजपाइयों ने कोटखावदा मोड़ अम्बेडकर सर्किल पर प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन मनाया। इस दौरान सड़क पर झाड़ू लगाकर सेवा पखवाड़ा का कार्यक्रम का आगाज किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बतौर भीलवाड़ा सांसद एवं प्रदेश महामंत्री दामोदर अग्रवाल भी चाकसू पहुंचे। विधायक रामावतार बैरवा के साथ प्रदेश महामंत्री एवं भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल, पूर्व राज्यमंत्री विकेश खोलिया, पूर्व कृषि मंडी चेयरमैन कैलाश शर्मा ने सड़क पर झाड़ू लगाकर स्वच्छता के प्रति संदेश दिया गया। वही दूसरी तरफ पालिका अधिशाषी अधिकारी डॉ. बनवारी लाल मीणा ने बताया कि कार्यक्रम के तहत उपखण्ड अधिकारी शिवचरण शर्मा ने उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इस मौक़े पर भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल, क्षेत्रीय विधायक रामावतार बैरवा, पूर्व राज्यमंत्री विकेश खोलिया समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहें।

**आरपीएससी की ओर से सूचना जारी कर अभ्यर्थियों को दी गई जानकारी**

# भ्रमित ना हों अभ्यर्थी, नियमानुसार है आरएएस भर्ती विज्ञापन

**बेधड़क** | अजमेर

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से आरएएस भर्ती 2024 का विज्ञापन नियम अनुसार ही जारी किया गया है। यह कहना है आयोग के सचिव रामनिवास मेहता का। उन्होंने कहा कि कुछ लोग भर्ती विज्ञापन और उनमें दिए गए नियमों को लेकर भ्रामकता फैला रहे हैं, लिहाजा अभ्यर्थी भ्रमित न हों और आयोग की अधिकृत वेबसाइट का निरंतर अवलोकन करते रहें।

आयोग के सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा 2024 के लिए 2 सितंबर 2024 को जारी विज्ञापन में संबंधित सेवा नियम 1999 के अनुसार आयु गणना का आधार 1 जनवरी 2025 रखा गया है।

इसी कारण कार्मिक विभाग की ओर से 23 सितंबर 2022 को जारी अधिसूचना कि 'जो व्यक्ति 31 दिसंबर 2020 को आयु सीमा के भीतर था, उसे 31 दिसंबर 2024 तक आयु सीमा के भीतर समझा जाएगा" का प्रावधान इसी भर्ती में निष्प्रभावी होने के कारण इसका उल्लेख विज्ञापन में ही नहीं किया गया है। भ्रामकता फैलाने वालों ने संस्कृत शिक्षा विभाग के लिए प्राध्यापक भर्ती परीक्षा 2024 एवं वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा 2024 के विज्ञापनों का उल्लेख भी किया गया है। वास्तविक तथ्य यह है कि इन विज्ञापनों में आयु गणना का आधार संबंधित सेवा नियम 2015 के अनुसार 1 जुलाई 2024 को रखा गया था। इस कारण अधिसूचना 23 सितंबर 2022 के प्रावधान के अनुसार इनमें आयु संबंधी छूट दी गई थी। अन्य खबरों पर ध्यान ना देने की अपील आयोग के सचिव ने बताया की भर्ती विज्ञापन, शुद्धि पत्र तथा अन्य संबंधित सूचनाएं आयोग की ओर से आधिकारिक रूप से अभ्यर्थी को विभिन्न माध्यमों से निरंतर प्रदान की जाती रही है। मेहता ने बताया कि अभ्यर्थी आयोग संबंधित जानकारी के लिए आयोग की वेबसाइट का नियमित अवलोकन करते रहें।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, अविश्वसनीय स्रोतों की ओर से जारी सूचनाओं पर विश्वास ना करें।




### 18 अक्टूबर है आवेदन की अंतिम तिथि

गौरतलब है कि राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से 2 सितंबर 2024 को राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं भर्ती 2024 के अंतर्गत राज्य सेवाएं के लिए 346 और अधीनस्थ सेवाएं के 387 यानी कुल 733 पदों पर भारती का विज्ञापन जारी किया गया था। इन पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन 19 सितंबर 2024 से 18 अक्टूबर 2024 की रात्रि 12 बजे तक किया जा सकेगा। शैक्षणिक योग्यता, वर्ग वार वर्गीकरण, आवेदन प्रक्रिया और अन्य जानकारी संबंधी विस्तृत सूचनाएं आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

## Yuva स्टोरीज

# राज कार्य में हिंदी का अधिक से अधिक उपयोग का संकल्प



**बेधड़क** | जयपुर

जीएसआई (भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण), पश्चिमी क्षेत्र, जयपुर के झालाना डूंगरी स्थित कार्यालय में हिंदी पखवाडे का उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि आर एस गर्खाल, सेवानिवृत महानिदेशक, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने किया। उद्घाटन सत्र में विशाल व. साखरे, निदेशक एवं राजभाषा ने मंचासीन अधिकारी के अतिरिक्त, उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्वागत किया। इस कार्यक्रम में विजय विष्णुपंत मुग़ल, अपर महानिदेशक एवं विभागाध्यक्ष ने अपने उद्घाटन भाषण में कार्यालय के पदाधिकारियों से दैनिक सरकारी काम-काज अधिकाधिक हिंदी में करने पर बल दिया। ललित मोहन सिंह मौरा, उपमहानिदेशक ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम की लड़ाई में हिंदी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण थी। अनिंद्या भट्टाचार्या, उप महानिदेशक, राज्य इकाई राजस्थान ने भी राजभाषा के प्रति अपने विचारों को साझा किया। कार्यक्रम में कार्यालय के उप महानिदेशक एवं क्षेत्रीय मिशन प्रमुखों, निदेशक व अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहें। अंत में ज्योति दुबे निदेशक राज्य इकाई राजस्थान ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# बदलते मौसम में पित्त बढ़ने से होते हैं रोग



**बेधड़क** | जयपुर

जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के पंचकर्म विभाग ने आमजन के स्वास्थ्य के लिए ऋतु शोधन कार्यक्रम में 17 सितम्बर से 15 नवम्बर तक निःशुल्क विरेचन चिकित्सा कर्म शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का उद्घाटन कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने किया। कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने कहा कि मौसम के बदलने के दौरान शरीर मे वात, पित्त, कफ के असंतुलन के कारण कई रोग होते है। बदलते मौसम के कारण होने वाले रोगों की रोकथाम के लिए राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के पंचकर्म विभाग द्वारा पूरे साल मौसम परिवर्तन होने से पहले ऋतु शोधन कार्यक्रम में विशेष निशुल्क शिविर का आयोजन किया जाता है। इस कार्यक्रम में शरद ऋतु में पित्त बढ़ने के कारण पेट संबंधी विभिन रोगों में लाभ के लिये आयुर्वेदिक पद्धति से चिकित्सा की जाती है, जिससे आमजन को मौसमी बीमारियों से बचाया जा सके। कार्यक्रम में कुलपति द्वारा उपस्थित लोगों को विश्व रोगी सुरक्षा दिवस के अवसर पर रोगियों की सुरक्षा को व्यक्तिगत जिम्मेदारी मानने की शपथ दिलाई।

पंचकर्म विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. गोपेश मंगल ने शिविर की जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के पंचकर्म विभाग द्वारा साल में मौसम बदलने से पूर्व ऋतु अनुसार निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता है। जल्दी ही ऋतु परिवर्तन के कारण सर्दी के समय शरीर मे पित्त बढ़ने से पेट संबंधी रोग बढ़ जाते हैं। विरेचन चिकित्सा पद्धति पित्त प्रधान रोगों की प्रमुख चिकित्सा विधि है। आमजन को निःशुल्क चिकित्सा देने के लिये शरद ऋतु में पंचकर्म विभाग द्वारा 17 सितम्बर से 15 नवम्बर तक राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के पंचकर्म विभाग में 2 माह तक निःशुल्क विरेचन चिकित्सा कर्म शिविर लगेगा। कार्यक्रम में डॉ गुलाब पमनानी, डॉ सुदीप्त रथ, संयुक्त निदेशक जेपी शर्मा, पंचकर्म विभाग के चिकित्सक आदि रहे।

**पंडित मोतीलाल जोशी की स्मृति में संस्कृत सुधी सम्मान समारोह आयोजित**

# संस्कृत और आयुर्वेद एक-दूसरे के पूरक



**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान शिक्षक प्रशिक्षण विद्यापीठ शाहपुरा बाग, जयपुर में संस्कृत के संरक्षण में समर्पित स्मृति शेष संस्कृत साधना शिखर पुरुष स्वर्गीय पंडित मोतीलाल जोशी की स्मृति में राजस्थान संस्कृत साहित्य सम्मेलन एवं राजस्थान शिक्षक प्रशिक्षण समिति द्वारा स्मृति व्याख्यान एवं संस्कृत सुधी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया ।

प्राचार्य डॉ. मनीषा शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ मंचस्थ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन व वाग्देवी अर्चन के साथ किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों द्वारा वैदिक मंगलगान एंव वाणी वंदना प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में अतिथियों का माल्यार्पण एवं शाल, श्रीफल भेंट कर स्वागत किया गया । समारोह के अंतर्गत संस्थान सचिव डॉ राजकुमार जोशी ने स्वागत संबोधन किया गया । इस अवसर पर संत शिरोमणि रामरतन दास महाराज ने पं मोतीलाल जोशी को स्मरण करते हुए उन्हें युगपुरुष बताया। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रो. वेद प्रकाश शर्मा द्वारा "संस्कृत आयुर्वेद और स्मृति पुरुष" विषयक व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए संस्कृत और आयुर्वेद को एक दूसरे का पूरक बताया गया। इसी कड़ी में डॉ. बी.डी. कल्ला ने अपने उद्बोधन में कहा कि संस्कृत भाषा सभी भाषाओं की जननी है एवं इस भाषा का संवर्धन करने में पं. मोतीलाल जोशी के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। कार्यक्रम में पं. सांवरमल शर्मा ने जोशी के जीवन का एक परिचय देते हुए भविष्य के लिए उनके पदचिन्हों को मार्गदर्शक बताया। प्रो. विनय शर्मा व स्वामी ज्ञानेश्वरपुरीमहाराज ने ज्ञान को सर्वोपरि व वेद वेदांगो को इसका प्रमुख स्रोत बताया।

### इनका किया सम्मान

समारोह में आशीषप्रदाता संत शिरोमणि ब्रह्मापीठाधीश्वर काठीयापरिवाराचार्य रामरतन दास महाराज के सानिध्य में प्रोफेसर वेद प्रकाश शर्मा ( निवृत आचार्य, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर) डॉ. मंडन शर्मा (पूर्व निदेशक संस्कृत शिक्षा), पंडित सांवरमल शर्मा (पूर्व आचार्य संस्कृत शिक्षा ), प्रोफेसर मधुरेश्वर पारीक ( पूर्वाचार्य राजस्थान विश्वविद्यालय), प्रो. विनय शर्मा (पूर्वाचार्य पारीक महाविद्यालय) पं. चंद्रशेखर शर्मा एवं प्रोफेसर जानकी बल्लभ शर्मा( पूर्व प्राध्यापक संस्कृत शिक्षा ) को संस्कृत सुधी सम्मान से सम्मानित किया गया। समारोह में संस्था प्राचार्य डॉ. मनीषा शर्मा द्वारा त्रैमासिक पत्रिका " शिक्षा कौस्तुभ "के चतुर्थ संस्करण एवं "नर्सिंग कवच" पुस्तक का भी मंचस्थ विद्वत जनों द्वारा विमोचन करवाया गया ।

### जोशी के योगदान को किया याद

प्रो. वैद्य बनवारी लाल गौड ने अपने उद्बोधन में पं. मोतीलाल जोशी का स्मरण करते हुए संस्कृत में उनके योगदान को बताया । कार्यक्रम के अंत में प्रो. रामसेवक दुबे तथा डॉ. राजेश्वरी भट्ट द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री बृज किशोर शर्मा, डॉ राजकुमार शर्मा के साथ अन्य संस्कृत अनुरागी जननायकों के अतिरिक्त राजस्थान शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान समिति की सभी संस्थाओं के प्रवक्ता गण एवं प्रशिक्षणार्थी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### "स्वच्छता ही सेवा अभियान" को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान

**जयपुर**। पत्र सूचना कार्यालय व केंद्रीय संचार ब्यूरो, जयपुर की अपरमहानिदेशक ऋतु शुक्ला ने मंगलवार को "स्वच्छता ही सेवा अभियान" की केंद्रीय कार्यालय में शुरुआत की। उन्होंने विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलायी। साथ ही सभी कर्मचारियों द्वारा आम जन को इस स्वच्छता शपथ को दिलाने का आव्हान भी किया गया । स्वच्छता संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुये ऋतु शुक्ला ने सभी कर्मचारियों को "स्वच्छता ही सेवा अभियान" को जन जन तक पहुंचाने का आव्हान किया। उन्होंने आम जन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए केंद्रीय संचार ब्यूरो के अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रदेश भर में विभिन्न स्थानो पर कार्यक्रम आयोजित करने के दिशा-निर्देश भी दिए।

**सियाराम शिक्षक संघ की स्थाई समिति की बैठक**

# विभिन्न कैडर की डीपीसी के लम्बित रहने पर शिक्षकों का रोष



**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) की स्थाई समिति की बैठक संगठन के लाल कोठी स्थित प्रांतीय कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता एवं मुख्य संरक्षक सियाराम शर्मा के सानिध्य में सम्पन्न हुई।

संगठन के प्रवक्ता मुकेश कुमार मीणा ने बताया कि बैठक में सभी पदाधिकारियों ने सरकार द्वारा पूर्व में जारी की गई शिक्षा विभाग की 100 दिवसीय कार्य योजना में शामिल होने के बावजूद भी शिक्षकों व वरिष्ठ अध्यापकों की बकाया सत्रों की डीपीसी नहीं करने पर रोष जताया। साथ ही सरकार से अविलंब डीपीसी प्रक्रिया सम्पन्न करने के लिए विभागीय अधिकारियों को पाबन्द करने की मांग की। संगठन के मुख्य संरक्षक एवं प्रशासनिक अध्यक्ष सियाराम शर्मा ने सभी पदाधिकारियों से संगठन की मजबूती के लिए अधिक से अधिक प्रवास करने की बात कही। मुख्य महामंत्री नवीन कुमार शर्मा के अनुसार बैठक में शिक्षकों की विभिन्न मांगों व समस्याओं एवं संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर चर्चा की गई।

बैठक में आगामी दिनों में राज्य स्तर पर महिला पदाधिकारियों का एक दिवसीय अभ्यास वर्ग जयपुर में एवं प्रमुख पदाधिकारी का दो दिवसीय अभ्यास वर्ग सालासर बालाजी में आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में संरक्षक सावित्री शर्मा,रामेश्वर लाल सैनी आदि शामिल है।

**एम्स जोधपुर का स्थापना दिवस मनाया**

# चिकित्सा अभ्यास एक कला है व्यापार नहीं : डॉ. तलवार

**बेधड़क** | जोधपुर

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) जोधपुर का 13वां स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ के पूर्व निदेशक पद्म भूषण डॉ.केके तलवार मौजूद थे। राजेंद्र गहलोत सांसद (राज्यसभा) और अतुल भंसाली विधान सभा सदस्य, जोधपुर की भी उपस्थिति रही। समारोह का मुख्य आकर्षण मेधावी छात्रों को उनके श्रेष्ठ अकादमिक प्रदर्शन के लिए निदेशक पदक प्रदान करना था। एमबीबीएस और नर्सिंग छात्रों के लिए 19 स्वर्ण और 18 रजत पदक सहित कुल 37 निदेशक पदक प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त, 88 विषय-विशिष्ट स्वर्ण पदक वितरित किए गए जिसमें 45 एमबीबीएस छात्र और 43 नर्सिंग छात्र शामिल थे ।

मुख्य अतिथि पद्म भूषण डॉ. केके तलवार ने एम्स और पीजीआईएमईआर के साथ अपने 40 साल के जुड़ाव के बारे में बताते हुए एक प्रेरक भाषण दिया। प्रो. पुरी के नेतृत्व की सराहना की। धन्यवाद डीन अकादमिक डॉ. शिल्पी गुप्ता दीक्षित ने दिया।

**हैकथॉन** | **जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी में हैकथॉन-एसआईएच-2024 का आयोजन**

# कॉम्पटिशन से बढ़ते हैं इनोवेशन और क्रिएटिविटी

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी (जेएनयू) के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में अंतर विभागीय हैकथॉन-एसआईएच-2024 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. संदीप बख्शी ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कॉम्पटिशन मुख्य उद्देश्य इनोवेशन और क्रिएटिविटी को बढ़ावा देना है और प्रतिभागियों को कहा कि सोच सभी सृजन का स्रोत है। कॉलेज के छात्र इस प्रकार कि तकनीकी गतिविधियों के माध्यम से रचनात्मकता और नवाचार का बेहतरीन प्लेटफार्म बन सकते है। इस तरह के आयोजन एक प्रतिस्पर्धी है। लेकिन सहयोगात्मक वातावरण बनाने के लिए आवश्यक हैं। जहां विभिन्न शैक्षणिक पृष्ठभूमि के छात्र टीम वर्क में संलग्न होते और व्यावहारिक समाधान विकसित कर उद्यमिता और तकनीकी प्रगति का पता लगा सकते हैं।



### 57 टीमों ने लिया भाग

यह कार्यक्रम 24 घंटे का गतिशील कार्यक्रम था। जिसमें हेल्थकेयर ए साइबर क्राइम ए एआई एमएल और आरपीए श्रेणियों की लगभग 57 टीमों ने भाग लिया। इस प्रतिस्पर्धा में तीन दौर की मूल्यांकन प्रक्रिया शामिल थी। जिसमें दिशानिर्देशों के साथ परियोजना के पालन की समीक्षा करने के लिए एक प्रारंभिक स्क्रीनिंग प्रगति प्रतिक्रिया और परिशोधन के लिए एक मध्य घटना समीक्षा और एक अंतिम प्रस्तुति जहां टीमों ने अपने पूर्ण समाधानों का प्रदर्शन किया।

### प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत

हैकथॉन 2024 में प्रत्येक श्रेणी में उत्कृष्ट परियोजनाओं को मान्यता दी गई और प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस आयोजन ने छात्रों की क्षमताओं का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया और एक सहयोगात्मक वातावरण को बढ़ावा दिया। जिसने नवीन समस्या के समाधान को प्रोत्साहित किया। सकारात्मक स्वागत और प्रभावशाली परियोजनाओं ने कार्यक्रम की सफलता को प्रदर्शित किया और भविष्य के लिए एक मजबूत नींव तैयार की।

# श्रद्धा से दिया जाने वाला पितृसंबंधी दानकर्म है श्राद्ध



अशोक 'प्रवृद्ध'
स्वतंत्र टिप्पणीकार

भारतीय परंपरा में मानव जीवन के लिए महत्वपूर्ण माने गए पंच महायज्ञों में ब्रह्मयज्ञ (स्वाध्याय), पितृयज्ञ (तर्पण), देवयज्ञ (होम/ हवन), बलि वैश्वदेव (भूतयज्ञ)और नृयज्ञ (अतिथि पूजन) में दूसरे स्थान पर पितृयज्ञ शामिल है। पितृयज्ञ तर्पण का ही अवान्तर भेद श्राद्ध है। भूख-प्यास आदि से होने वाले दुःख की निवृत्तिरूप तृप्ति अथवा प्रसन्नता, मन में पूरा सन्तोष अथवा आनन्दरूप को तर्पण कहा जाता है। और जिस कर्म विशेष के द्वारा अन्न से तृप्त हुए जन क्षुधा से होने वाले दुःख से निवृत्त होते हैं, श्रद्धा कहा जाता है। श्रद्धापूर्वक दिये जाने वाले अन्न का नाम श्राद्ध है। श्रद्धापूर्वक बनाये अन्न का खाने वाला श्राद्धभोजी होता है। इसलिए पाणिनी सूत्र में श्राद्धमनेन भुक्तमिनिठनौ कहा गया है। जिसने श्राद्ध का भोजन किया हो, वह श्राद्धी अथवा श्राद्धिक कहा जाता है। यहां भक्ति श्रद्धा से पकाये हुए अन्न का नाम श्राद्ध है। इससे यह सिद्ध है कि भोजन से होने वाले सत्काररूप कर्म का नाम श्राद्ध है। इससे यह भी सिद्ध हुआ कि भोजन से होने वाले सत्कार कर्म और उस सत्कार के लिए श्रद्धा से बनाए अन्न का नाम श्राद्ध है। श्रद्धा से दिए जाने वाले इस पितृ संबंधी दानकर्म को श्राद्ध कहते हैं।

सामान्यतः पिता शब्द से उत्पादक का अर्थ लिया जाता है, परंतु भारतीय परंपरा में उत्पादक के साथ ही यज्ञोपवीत कराने वाला, विद्यादाता, अन्नदाता और भय से बचाने वाला, ये पांच पिता माने गये हैं। इस प्रकार पितृ शब्द योगरूढ़ है और अपने उत्पादक पिता में रूढ़ि भी है। अन्य लौकिक व्यवहार में पिता शब्द से प्रकरणानुसार जनक, यज्ञोपवीत कराने, अन्न देने अथवा भय से बचाने वाले का ग्रहण होता है। परंतु श्राद्ध कर्म में विशेष कर पितृ शब्द से विद्यादाता का ग्रहण होता है। अपने उत्पादक पिता की सेवा-शुश्रूषा तो सबको सदैव करनी ही चाहिए। ऐसा नहीं करने वाला कृतघ्न होता है। ज्ञान व विद्या देने वाले ज्ञानी पिता का भी भोजनादि से प्रतिदिन सत्कार करना ही श्राद्ध है। अपने जनक और अन्य यज्ञोपवीत कराने वाले आदि की सेवा को सामान्य प्रकार से तर्पण कहते हैं।

*"मनुस्मृति के अनुसार मानसकर्म ज्ञान में सदा रमण करने, अपने मन ही मन में शुद्ध आनन्द की लहरियों का अनुभव करने, सदा अच्छे-बुरे का विवेक करने, बहुत कम नियम से बोलने अथवा वाणी को वश में करके मौन रहने, विषय पर सम्यक अनुभव कर उसके प्रचार से जगत का उपकार करने, उस विषय को पुस्तकादि द्वारा सरल कर प्रचलित करने वाले पितर हैं। वेदविद्या का दान देने से आचार्य, गुरु को पिता कहते हैं।"*

श्राद्ध कर्म में पूजने योग्य दो ही हैं- पितृ और देव। वाणी के कर्म में प्रवीण, पढ़ाने व उपदेश करने में सदा प्रवृत अर्थात पढ़ाने और उपदेशादि वाणी के कर्म द्वारा विद्या का प्रचार करके जगत का उपकार करने के लिए प्रतिक्षण प्रवृत्त होने वाले देवता कहाते हैं। मनुस्मृति के अनुसार मानसकर्म ज्ञान में सदा रमण करने, अपने मन ही मन में शुद्ध आनन्द की लहरियों का अनुभव करने, सदा अच्छे-बुरे का विवेक करने, बहुत कम नियम से बोलने अथवा वाणी को वश में करके मौन रहने, विषय पर सम्यक अनुभव कर उसके प्रचार से जगत का उपकार करने, उस विषय को पुस्तकादि द्वारा सरल कर प्रचलित करने वाले पितर हैं। वेदविद्या का दान देने से आचार्य, गुरु को पिता कहते हैं। अज्ञानी को बालक और ज्ञानी को पिता कहते हैं। शतपथ ब्राह्मण के अनुसार जिनमें वाणी के कठोर, मिथ्याभाषण, चुगली और असम्बद्ध बोलना रूप चार दोष न हों, और सत्य भाषण, हितकारी वाक्य संभाषण, प्रियवाणी बोलना और वेदादिशास्त्र पढ़ने आदि चार प्रसंगों में वाणी का व्यय करना, किन्तु क्रोधादि पूर्वक नहीं बोलना आदि गुण मौजूद हों, वे देव हैं। और मानस विचार में तत्पर रहने वाले अर्थात मन के तीन दोष -परद्रव्यापहरण (अन्य के वस्तु को लेने की तृष्णा), दूसरों के प्रति अनिष्ट विचार और असम्भव विचार संबंधी दोष जिनमें न हों तथा मानस तीन गुण- सब प्राणियों पर दया, निरपेक्ष व सन्तोष और शुभकर्मों अथवा परमात्मा की उपासनादि में श्रद्धाभक्ति जिनमें विशेष कर हों वे पितर कहाते हैं।

स्पष्ट है कि वाचिक पापों से रहित और वाचिक पुण्य करने में विशेष कर प्रवृत्त देव, तथा मानस पापों से रहित, मानस पुण्य करने में अधिक कर प्रवृत्त पितृ कहाते हैं। जिनकी वाणी सब प्रकार शुद्ध है, वे देव और जिनका मन सब प्रकार शुद्ध है, वे पितृ लोग कहाते हैं। मानस विचार की रक्षा वाणी से होती है, इसी कारण पितृ कार्य का रक्षक देवकार्य को माना है। तथा देव को ऋषि और पितृ को मुनि। जहां देव, ऋषि, पितृ, सब आते हैं, वहां ऋषि पद वाच्य ब्रह्मचर्याश्रमस्थ वेदाध्येता तपस्वी अन्तेवासी शिष्य लिए जाएंगे। मनुस्मृति के अनुसार सत्त्वगुण की प्रधानता होने से बुद्धिवर्द्धक तथा खाने योग्य कव्यपदार्थ ही प्रयत्न के साथ ज्ञानियों को खिलाना चाहिए। और होमने योग्य वस्तु चारों प्रकार के विद्वानों को खिलाना चाहिए। इसी कारण उपनिषदों में भी आत्मज्ञानी की पूजा करने का निर्देश दिया गया है। इससे ज्ञानी लोगों का ही सत्कार करने की बात सिद्ध होती है। सत्य-असत्य का विवेक करने वाले ज्ञानी जनों की सम्यक श्रद्धा, भक्ति से सेवा करने वाले सेवकों पर वे प्रसन्न होकर कल्याण करने के लिए मन लगाते हैं। और श्रेष्ठमार्ग का उपदेश करते अथवा संकेतमात्र से जता देते हैं कि यह काम ऐसे करना चाहिए और यह न करना चाहिए। इसी कारण ज्ञाननिष्ठ पितृजनों के सेवक भी कल्याणभागी होते हैं। इसी से ज्ञानयुक्त पितृजनों की अन्नादि दान से श्रद्धापूर्वक सेवा-शुश्रूषा करनी चाहिए। सब सत्कारों में भोजनार्थ अन्न से सत्कार करना ही सबमें मुख्य है। वैदिक मतानुसार प्राणियों का प्राण अन्न के ही आश्रय है। और भोजन से ही इस शरीर की उत्पत्ति, स्थिति और नाश हो सकता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश उज्ज्वल भुइयां ने कहा-

# पिंजरे में बंद तोते की छवि तोड़े सीबीआई!



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ साहित्यकार
व पत्रकार

राजनीतिक आकाओं के अनुसार काम करने लिए बदनाम देश की सबसे बड़ी जांच एजेंसी 'केंद्रीय जांच ब्यूरो' को एक बार फिर सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश उज्ज्वल भुइयां को कहना पड़ा है कि 'सीबीआई को पिंजरे में बंद तोते की छवि तोड़नी चाहिए। उसे दिखाना चाहिए कि वह पिंजरे में बंद नहीं, बल्कि स्वतंत्र एवं ईमानदार जांच एजेंसी है। उसे रत्तीभर भी शक के दायरे में नहीं होना चाहिए।' अदालत ने यह टिप्पणी आबकारी नीति घोटाले में जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत स्वीकार करने के आदेश में की है। न्यायालय ने कहा है कि 'जमानत नियम और जेल अपवाद है। कानून का प्रयोग किसी के उत्पीड़न के लिए नहीं हो सकता है। सीबीआई ने केजरीवाल को इसलिए गिरफ्तार किया, ताकि प्रवर्तन निशालय (ईडी) के मामले में केजरीवाल को मिली जमानत खारिज हो जाए।' पीठ के दूसरे न्यायाधीश सूर्यकांत ने भी अपने आदेश में कहा कि केजरीवाल जमानत की शर्तें पूरी करते हैं। अतएव सीबीआई की यह दलील उचित नहीं है कि जमानत के लिए विचारण न्यायालय (ट्रायल कोर्ट) जाना चाहिए।उन्हें ईडी के प्रकरण में भी जमानत मिली है। इसलिए उन्हें हिरासत में रखना अस्वीकार्य है।

*"संसद में एफडीआई पर महाबहस के दौरान सपा और बसपा के मतदान में हिस्सा नहीं लेने पर भाजपा नेत्री स्वर्गीय सुशमा स्वराज ने संसद में बयान देते हुए कहा था कि यह स्थिति एफडीआई बनाम सीबीआई की लड़ाई बना देने के कारण उत्पन्न हुई है। इसके बाद सीबीआई के पूर्व निदेशक उमाशंकर मिश्रा के एक बयान देकर आग में घी डालने का काम कर दिया था।"*

दरअसल न्यायालय को ऐसा इसलिए कहना पड़ा, क्योंकि सीबीआई पर पिंजरे में बंद तोते और सरकार की कठपुतली होने के आरोप पहले भी लगते रहे हैं। 9 मई 2013 को कोयला घोटाले की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति आरएस लोढ़ा की पीठ ने कहा था कि 'सीबीआई पिंजरे में बंद तोते की तरह है, यह वही बात दोहराती रहती है, जो उसके मालिक कहते हैं। यह एक ऐसी अनैतिक कहानी है, जिसमें एक तोते के कई मालिक हैं। कोयला घोटाले की रिपोर्ट में अधिकारियों के कहने पर भी बदलाव हुआ है।' देश के राजनेता और दल सीबीआई पर नाजायज दबाव डालकर अपने तात्कालिक राजनीतिक हितों की पूर्ति करते हैं, यह अब कोई दबी-छिपी बात नहीं रह गई है। सत्ता पक्ष और विपक्ष के जितने भी राष्ट्रीय अथवा क्षेत्रीय दल हैं, लगभग सभी परोक्ष-अपरोक्ष रूप से सत्ता में हिस्सेदारी कर चुके हैं और सत्ता से बाहर होने के बाद सत्ता पक्ष पर सीबीआई का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते रहे हैं। मसलन अपरोक्ष रुप से वे अपने ही अनुभव प्रकट करते हैं। संसद में एफडीआई पर महाबहस के दौरान सपा और बसपा के मतदान में हिस्सा नहीं लेने पर भाजपा नेत्री स्वर्गीय सुशमा स्वराज ने संसद में बयान देते हुए कहा था कि यह स्थिति एफडीआई बनाम सीबीआई की लड़ाई बना देने के कारण उत्पन्न हुई है। इसके बाद सीबीआई के पूर्व निदेशक उमाशंकर मिश्रा के एक बयान देकर आग में घी डालने का काम कर दिया था।



उनके मुताबिक 2003 से 2005 के बीच जब वे सीबीआई प्रमुख थे, तब उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती से जुड़ा ताज कॉरीडोर मामले की जांच का प्रकरण उनके पास था। इस सिलसिले में मायावती के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति मामले की जांच चल रही थी। जांच में हमने पाया कि मायावती के माता-पिता के बैंक खातों में इतनी ज्यादा रकम जमा थी कि उनकी आय के स्त्रोत की पड़ताल जरुरी थी, लेकिन केंद्र के दबाव के सामने वे निश्पक्ष जांच नहीं कर पाए। मसलन जांच लटका दी गई। यहां गौरतलब है कि मार्च 1998 से 2004 तक केंद्र में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार थी और 22 मई 2004 को प्रधानमंत्री मनमोहन की सरकार वजूद में आ गई थी। मसलन संप्रग और राजग दोनों ने ही अपने हितों के लिए सीबीआई का दुरुपयोग किया। मिश्रा ने आगे यह भी कहा था कि 'यह सच है और इसे मैं नहीं छिपाउंगा। जब हम बड़े राजनेताओं के खिलाफ जांच करते हैं, तो प्रगति प्रतिवेदन लटकाने या जांच पूरी हो चुकने के बावजूद संपूर्ण जांच प्रतिवेदन न देने अथवा उसे किसी खास तरीके से प्रस्तुत कराने का पर्याप्त दबाव बनाया जाता है। इसीलिए इसकी साख बरकरार रखने के लिए उस समय अन्ना हजारे, अरविंद केजरीवाल, किरण बेदी और सेवा निवृत्त सीबीआई निदेशक जोगिंदर सिंह लगातार मांग करते रहे थे कि इस संगठन को पूरी तरह स्वतंत्र एवं स्वायत्त बनाया जाए। जिस तरह से सर्वोच्च न्यायालय, निर्वाचन आयोग और नियंत्रक एवं महालेखा निरीक्षक जैसे संगठन हैं। लेकिन सरकार केंद्र में किसी भी दल की वह सीबीआई को स्वायत्त बना देने की पहल नहीं की।

जबकि इस दौरान अटल बिहारी वाजपेयी एवं मनमोहन सिंह की सरकारें रहीं और अब पिछले दस साल से नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार केंद्र में है। दरअसल जिस दल की सरकार केंद्र में होती है, उसे शायद यह भ्रम हो जाता है कि अब आजीवन उन्हीं की सरकार का अस्तित्व बना रहेगा। कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी भी कह चुके हैं कि सीबीआई राजनीतिक दबाव में काम करती है। इन सब बयानों से साफ होता है कि सीबीआई को सुपुर्द कर देने के बाद गंभीर से गंभीर मामला भी गंभीर नहीं रह जाता। बल्कि अपरोक्ष रुप से सीबीआई एक तो घोटाले पर आवरण डालने का काम करती है, दूसरे आरोपियों का सुरक्षा-कवच बन जाती है।

हालांकि उमाशंकर मिश्रा का बयान यहां यह भी सवाल खड़ा करता है कि आखिर सीबीआई जैसी प्रतिश्ठित संस्थाओं के नौकरशाह सत्ता के दबाव में आते क्यों हैं ? जब उन पर नाजायत दबाव बनाया जाता है, तभी इस दबाव का खुलासा क्यों नहीं करते? सेवानिवृत्त होने के बाद ही क्यों करते हैं? उमाशंकर मिश्रा के पहले कैग के निदेशक आरपी सिंह का भी बयान आया था कि 2 जी स्पेक्ट्रम में घाटे से जुड़े आंकड़ों की रिपोर्ट पर उनके जबरन हस्ताक्षर कराए गए। जबकि जेपीसी के समक्ष बयान देने सिंह कई बार पेश हुए थे, तब उन्होंने इस कृत्य का खुलासा नहीं किया था। यहां, आला अधिकारियों को भी नहीं भूलना चाहिए कि वे भी सत्य, निश्ठा और बिना किसी दबाव के काम करने की शपथ लेकर अपने काम में सलंग्न होते हैं। इसलिए यदि वे किसी दबाव में काम करते हैं तो यह कर्मचारी आचरण संहिता का उल्लंघन है। बल्कि कैग तो एक संवैधानिक संस्था है और जेपीसी संसदीय समिति, इस नाते सिंह ने दबाव में काम करके और फिर उसकी सार्वजनिक आलोचना करके, संविधान और संसद दोनों की ही एक तरह से अवमानना की थी।

ऐसे में यह मामला दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है। लेकिन हमारे यहां यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि अपराध को सार्वजनिक रूप से स्वीकार लिए जाने के बावजूद नौकरशाहों पर दण्ड का शिकंजा नहीं कसता? इसलिए सेवानिवृत्ति के बाद अधिकारी शोहरत अथवा नया पद पा लेने की लालसा में कुछ तो भी बयान देते रहते हैं। इसीलिए देखने में आता है कि जो अधिकारी पिंजरे में तोते की भूमिका में मालिक की भाषा बोलते हैं, सेवानिवृत्ति के बाद किसी महत्वपूर्ण आयोग या मंडल के पद पर मनोनीत कर दिए जाते हैं। ऐसे लोगों के मणोनयन से यह तथ्य प्रमाणित होता है कि वे सत्ता पक्ष के अनुयायी बने रहे। जाहिर है, देष के लोकसेवकों को भी प्रसिद्धी और लालच की भावना से ऊपर उठकर कत्तव्य का पालन करने की जरुरत है। यदि ऐसा होता है, तो सालों जांच से जुड़े मामले लंबित नहीं रहेंगे। सीबीआई के पास ज्यादातर ऐसे मामले होते हैं, जो राजनीतिक एवं प्रशासनिक भ्रष्टाचार से जुड़े होते हैं। ऐसे में लटकाने के दबाव की प्रवृत्ति के चलते इनकी संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# जब तक सूरज-चांद रहेगा... का नाम रहेगा



आशीष सकलेचा
व्यंग्यकार

मतलबी शब्द बहुत ही छोटा है, पर बहुत ही खोटा है। कल भी मतलबी थे आज भी है और कल भी रहेंगे। अर्थात भूतकाल, वर्तमान और भविष्य तीनों में इनका दबदबा और बोलबाला है। मतलबी अजर अमर है , " जब तक सूरज -चांद रहेगा, मतलबियों का नाम रहेगा।" इस सत्य को कदापि नकारा नही जा सकता।

मतलबी होना मनुष्य का स्वभाव , कुछ को छोड़कर अधिकांशतः मतलबी होते हैं। मतलबी प्रजाति के यह स्वार्थी कुछ केवल मतलबी होते हैं और कुछ बहुत ही ज्यादा मतलबी होते हैं। जो बहुत ही ज्यादा मतलबी होते हैं वे अपने चतुर दिमाग से वक्त आने पर "गधे को भी बापु बना लेते हैं।" पराए तो ठीक पर जब अपने ही मतलबी होते हैं तो बड़ा दुःख होता है। ये अपने मतलबी उनका "उल्लू सीधा" करने के लिए कुछ भी कर सकते हैं। आप तो भेलेपन में ही रह जाते हैं और ये अपना मतलब साध (गेम खेल) लेते हैं। यह मास्टर माइंड मतलबी अपनी "स्वार्थसिद्धि" में इतने पारंगत होते हैं जैसे इन्होंने इसमे "पीएचडी" कर रखी हो। यह "हींग लगे न फिटकरी और रंग चोखा" कर लेते हैं। मतलबी नामक जीव हमारे दैनिक जीवन के साथ-साथ हर क्षेत्र मे पाए जाते हैं जैसे- धार्मिक, सामाजिक, पारिवारिक, राजनीतिक आदि में। जान न पहचान तू मेरा मेहमान बनने वाले आप से इस तरह से पेश आते हैं जैसे कि वे आपके बहुत करीबी हों।

जो व्यक्ति कभी अपनी जेब से एक रुपया खर्च न करे और वो आप पर दस रुपए खर्च करें, खूब आव- भगत, मान मनुहार करे तो आप समझ लें कि उस मतलबी व्यक्ति का अगला टारगेट आप ही हैं। जब इन मतलबियों का आपसे मतलब पूरा हो जाता है तो ये आपको टिशु पेपर की तरह इस्तेमाल कर फेंक देते हैं। इसलिए एक चेतावनी "मतलबियों से सावधान, यह आपके लिए घातक हैं।"

## X



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
प्रधानमंत्री जी के 'स्वच्छ भारत, विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने की दिशा में हमारी सरकार निरंतर प्रयासरत है। इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु हम जन-जागरूकता अभियान, अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छ जल संरक्षण एवं हरित ऊर्जा के प्रयोग को बढ़ावा दे रहे हैं। हमारा प्रयास है कि राजस्थान न केवल स्वच्छता में अग्रणी हो, अपितु समग्र विकास में भी देश का नेतृत्व करे।



**योगी आदित्यनाथ,** मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
@myogiadityanath
प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के अंतर्गत 1 करोड़ आवासों के निर्माण हेतु गाइडलाइन की लॉन्चिंग की गई। इस कार्यक्रम के अंतर्गत आज उत्तर प्रदेश के 1.25 लाख परिवार का गृह प्रवेश अपने पक्के घर में हुआ। इस योजना के अंतर्गत अब तक 15.9 लाख आवासों का निर्माण पूर्ण कर उत्तर प्रदेश, देश में प्रथम स्थान पर है।



**सचिन पायलट,** कांग्रेस नेता
@SachinPilot
किसान, नौजवान, महिला, श्रमिक सहित हर वर्ग आज प्रताड़ित है। प्रदेश की तरक्की एवं जनकल्याण के कार्यों में डबल इंजन की सरकार पूरी तरह नाकाम हो गई है। प्रदेश एवं जनता की खुशियों को हम भाजपा की विफलताओं की भेंट नहीं चढ़ने देंगें। मजबूत एवं जिम्मेदार प्रतिपक्ष होने के नाते सड़क से लेकर सदन तक आपकी बातों को, समस्याओं को हम पुरजोर तरीके से उठाते रहेंगे।

## नॉलेज कॉर्नर: यहां प्रत्येक बारह वर्ष में लगता है सिंहस्थ कुंभ

# आस्था और धर्म की नगरी है 'नासिक'

भारत भूमि पर कई धार्मिक नगर बसे हुए हैं। भारतीय संस्कृति की परिभाषा देने वाले इन स्थानों में एक नाम नासिक का भी शामिल है, जो महाराष्ट्र राज्य में आस्था और धर्म का बहुत बड़ा केंद्र माना जाता है। इसके अलावा नासिक चार कुंभ नगरों में से भी एक है। गोदावरी नदी के किनारे बसे इस नगर को न सिर्फ भारत में बल्कि अन्य देशों में भी जाना जाता है, बल्कि इसलिए हर वर्ष लाखों की संख्या में विदेशी पर्यटक यहां आते हैं। यह महाराष्ट्र का चौथा सबसे बड़ा शहर है। हिंदू तीर्थयात्रियों के लिए यह शहर विशेष स्थान रखता है। यहां प्रति बारह वर्ष में कुंभ मेले का आयोजन होता है। इसी के बारे में विस्तार से जानेंगे आज के कॉर्नर में...

### पंचवटी यहां का प्रमुख भाग

नासिक शहर का सबसे प्रमुख भाग पंचवटी है। जहां कई छोटे-छोटे मंदिर भी स्थित है। त्योहारों व विशेष पर्वों के समय में यहां भारी संख्या में लोग आते हैं। यहां के प्रमुख आकर्षण के केंद्र नीलकंठेश्वर मंदिर, कुंभ मेला, सीता गुंफा, सुंदरनारायण मंदिर, सोमेश्वर मंदिर, मोदाकेश्वर गणेश मंदिर, गोदा पार्क तथा रामकुंड है। मंदिरों की अधिक संख्या होने के कारण इसे आस्था के शहर रूप में भी जाना जाता है। यहां लगने वाले कुंभ की खास बात है। नासिक में लगने वाले कुंभ मेले को सिंहस्थ के नाम से जाना जाता है, जो कि शहर का सबसे बड़ा आकर्षण का केंद्र है। दरअसल भारतीय पंचांग के अनुसार जब सूर्य कुंभ राशी में प्रवेश करता है, तब प्रयागराज में कुंभ मेले का आयोजन होता है, लेकिन अगर सूर्य सिंह राशी में प्रवेश कर जाता है, तब नासिक में कुंभ मेला लगता है, जिसे सिंहस्थ कहा जाता है।



### नासिक का इतिहास

नासिक का इतिहास काफी पुराना है। रामचरितमानस में भी इसका जिक्र किया गया है। बौद्ध धर्म से संबंधित गुफाओं से इस प्रकार के साक्ष्य मिले हैं, जिससे पता चलता है कि यहां कभी बौद्ध धर्म का भी वर्चस्व रहा होगा। जब मौर्य वंश का पतन हुआ तो यहां सातवाहन वंश ने शासन किया और इस प्रकार यह सातवाहनों की राजधानी बन गई। गौर करने वाली बात यह है कि यह वही वंश है, जिसने सीसे के सिक्के चलाए थे। मुगल काल के दौरान इस शहर का नाम बदलकर गुलशनबाद कर दिया गया था। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में भी नासिक ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

### रामायण से जुड़े तथ्य

*नासिक गोदावरी नदी के किनारे पर बसा हुआ है। इसके उत्तरी भाग में स्थित पंचवटी के बारे में कहा जाता है कि इस स्थान पर भगवान राम, सीता और लक्ष्मण ने कुछ समय बिताया था। यही कारण है कि पंचवटी प्रसिद्ध है। इसके अलावा यह भी कहा जाता है कि इस स्थान पर सुर्पणखा की नाक कटी थी, इसलिए इसका नाम नासिक हुआ।*

कंटेंट: प्रताप सिंह नेगी

### दिल्ली में सियासी परिवर्तन से गरमाई सियासत... अगले साल के शुरू में होने वाले हैं विधानसभा चुनाव

# केजरीवाल का बड़ा सियासी दांव... बदलाव से की चुनावी व्यूह रचना

**एजेंसी** | नई दिल्ली

दिल्ली में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मुख्यमंत्री पद छोड़कर राष्ट्रीय राजधानी की सियासत गरमा दी है। केजरीवाल ने 15 सितंबर को अपने पद से इस्तीफा देने का ऐलान करते हुए कहा था कि जब तक उन्हें 'ईमानदारी का प्रमाणपत्र' नहीं मिलता तब तक वो मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठेंगे। केजरीवाल ने मंगलवार को पद से इस्तीफा दे



दिया। इससे पहले विधायक दल की बैठक में आतिशी का नाम नए मुख्यमंत्री के रूप में तय हो गया था। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार केजरीवाल ने विधानसभा चुनाव से पहले अपनी रणनीतिक व्यूह रचना के लिए यह बड़ा सियासी दांव चला है। दिल्ली विधानसभा का कार्यकाल फरवरी 2025 में खत्म होगा।

### विधानसभा चुनाव में होगी आतिशी की अग्नि परीक्षा

आतिशी के लिए मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी अग्निपरीक्षा के समान होगी। दिल्ली में अगले साल विधानसभा चुनाव होने वाले है। इसलिए उनके सामने आम आदमी पार्टी को वापस सत्ता में लाने की अहम जिम्मेदारी होगी और इसमें उनको कांग्रेस व भाजपा की चुनौती का सामना करना पड़ेगा। हरियाणा में कांग्रेस व आम आदमी पार्टी का चुनावी गठबंधन नहीं हो सका है। इसलिए इस बात की प्रबल संभावना है कि दिल्ली में चुनाव के दौरान भी दोनों पार्टियों में गठबंधन न हो। ऐसे में आतिशी को कांग्रेस और भाजपा की साझा चुनौती का सामना करना पड़ेगा। हालांकि पार्टी के सत्ता केंद्र में अरविंद केजरीवाल होंगे लेकिन सरकार की मुखिया के रूप में आतिशी की भूमिका भी अहम होगी।

### इसलिए आतिशी को मिली प्राथमिकता

केजरीवाल के मुख्यमंत्री का पद छोड़ने की घोषणा के बाद सीएम पद की दौड़ में केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल समेत कई नेता प्रबल दावेदार थे। हालांकि संभावित दावेदारों में आतिशी का नाम भी शामिल था। पहले सियासी अटकले यह भी थी कि सुनीता केजरीवाल सीएम बन सकती हैं, लेकिन समझा जाता है कि अरविंद केजरीवाल ने परिवारवाद के संभावित सियासी हमले से बचने के लिए आितशी को इस पद के लिए चुना है। केजरीवाल के जेल जाने के बाद आतिशी दिल्ली की सबसे शक्तिशाली मंत्री के रूप में उभरी। वह मौजूदा सरकार में 11 विभाग संभाल रही हैं, जिनमें महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, शिक्षा मंत्रालय, पर्यावरण मंत्रालय, कला एवं संस्कृति विभाग, लोक निर्माण विभाग और ऊर्जा मंत्रालय के अलावा अन्य विभागों की भी जिम्मेदारी भी उनके पास हैं। समझा जाता है कि शिक्षा मंत्री के रूप में आतिशी ने आम आदमी पार्टी की विरासत को बखूबी आगे बढ़ाया और सरकार की छवि बरकरार रखी। इसके साथ ही केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की विश्वसनीय सहयोगी होने से भी उनका पलड़ा भारी रहा।

### महिला को सौंपना चाहते थे CM की कुर्सी

सूत्रों के अनुसार केजरीवाल किसी महिला नेता को ही सीएम की कुर्सी सौंपना चाहते हैं। आतिशी के अलावा इस दौड़ में एक और महिला नेता रेखा बिडला का नाम भी शामिल था। राखी बिडला का नाम इसलिए चर्चा में था। इसके अलावा सौरभ भारद्वाज और कैलाश गहलोत जैसे नेताओं के नाम भी थे, लेकिन बाजी अंततः आतिशी के हाथ लगी।

---

### अमेरिकी चुनावों से सीखने की जरूरत: शिवकुमार



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने मंगलवार को कहा कि अमेरिकी चुनाव प्रक्रिया और जिस तरीके से वहां चुनावी रैलियां आयोजित की जाती है, उससे बहुत कुछ सीखने की जरूरत है। शिवकुमार मंगलवार को ही अपने 10 दिवसीय अमेरिका दौरे से वापस लौटे हैं। शिवकुमार ने कहा कि ये एक निजी दौरा था और इस दौरान उन्होंने वहां किसी राजनीतिक नेताओं से मुलाकात नहीं की। कुछ लोगों की तरफ से उनकी यात्रा को पांच नवंबर को होने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से जोड़े जाने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, ये सभी बातें झूठी हैं, मैं जहां गया था, वहां चुनावी रैली चल रही थी, मैं यह देखने गया था कि वहां चीजें कैसे होती हैं, मैं किसी से नहीं मिला।

### सिद्धू के पूर्व सलाहकार मलविंदर गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू के राजनीतिक सलाहकार रहे मलविंदर माली को मोहाली के सीआईए स्टाफ ने गिरफ्तार कर लिया है। मलविंदर फिलहाल राजनीति से दूरी बनाए हुए हैं। मोहाली पुलिस ने उन्हें पटियाला में रहने वाले मलविंदर के भाई रंजीत सिंह ग्रेवाल के घर से गिरफ्तार किया है। मलविंदर माली को आईटी एक्ट के तहत दर्ज मामले में गिरफ्तार किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार पुलिस ने मलविंदर के खिलाफ धार्मिक भावनाएं भड़काने का मामला दर्ज किया है। उनके खिलाफ एयरो सिटी के अमित जैन की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया। जैन ने मलविंदर पर आरोप लगाया था कि वह हिंदू धर्म के खिलाफ बोलकर हिंदू भावनाओं को ठेस पहुंचा रहे हैं।वहीं, कांग्रेस नेता इस कार्रवाई का विरोध कर रहे हैं।

### गृह मंत्री शाह ने गिनाई मोदी सरकार 3.0 के 100 दिन की उपलब्धियां

# सरकार 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' इसी कार्यकाल में करेगी लागू: अमित शाह

- जल्द कराई जाएगी जनगणना: इसकी घोषणा के साथ ही ब्योरा किया जाएगा सार्वजनिक
- मणिपुर में कुकी व मैतेई समुदायों से बातचीत, म्यांमार सीमा पर कांटों की बाड़ लगाने का काम जारी
- वक्फ संशोधन विधेयक जल्द किया जाएगा पारित

**एजेंसी** | नई दिल्ली

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि अगले पांच साल के भीतर यानी केंद्र की मौजूदा मोदी सरकार के इस कार्यकाल के पूरा होने से पहले ही देश में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' लागू कर दिया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि देश में जनगणना जल्द ही कराई जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि मणिपुर में स्थिति में सुधार के लिए सरकार वहां के दोनों जातीय समूहों मैतेई व कुकी से बातचीत कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन, संरक्षण और दुरुपयोग रोकने के लिए प्रतिबद्ध है। इसे आने वाले दिनों में संसद में पारित किया जाएगा। गृह मंत्री शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे होने के अवसर पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ये बातें कहीं। उन्होंने भाजपा नीत राजग सरकार द्वारा तीसरी बार सत्ता संभालने के 100 दिनों में किए गए उल्लेखनीय कार्यों पर प्रकाश भी डाला। शाह ने कहा, सरकार की योजना इस सरकार के कार्यकाल के दौरान एक राष्ट्र, एक चुनाव को लागू करने की है। बता दें कि पिछले महीने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की हिमायत करते हुए कहा था कि बार-बार होने वाले चुनावों से देश का विकास धीमा हो रहा है। एक सवाल के जवाब में शाह ने कहा कि जब भी हम जनगणना की घोषणा करेंगे, सारी जानकारी सार्वजनिक कर दी जाएगी। ज्ञात रहे कि जनगणना को पहले 31 दिसंबर, 2020 से 21 दिसंबर, 2021 तक बढ़ाया गया था और फिर दिसंबर 2022 तक छह-छह महीने के लिए बढ़ाया गया।



### देश में राजनीतिक स्थिरता का माहौल

शाह ने कहा, भारत में विकास, सुरक्षा और गरीबों के कल्याण के लिए 10 साल समर्पित करने के बाद, भारत के लोगों ने भाजपा और उसके सहयोगी दलों को जनादेश दिया। यह पिछले 60 वर्षों में पहली बार हुआ। इससे देश में राजनीतिक स्थिरता का माहौल आया है। हमने नीतियों के क्रियान्वयन को देखा है। पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार आंतरिक और बाह्य सुरक्षा को मजबूत करके एक सशक्त भारत की स्थापना करने में सफल रही है। पीएम मोदी नई शिक्षा नीति लेकर आए जिसमें हमारी प्राचीन शिक्षा प्रणाली और आधुनिक शिक्षा शामिल है, जो हमारी क्षेत्रीय भाषाओं को भी सम्मान देती है।

### मसले को सुलझाने के लिए रोडमैप तैयार

मणिपुर के हालात पर शाह ने कहा, हमें उम्मीद है कि हम स्थिति को नियंत्रण में लाएंगे। हम दोनों स्थानीय जनजातियों से बातचीत कर रहे हैं। क्योंकि यह नस्लीय हिंसा है। इसलिए जब तक उनके बीच बातचीत नहीं होगी, इसका कोई समाधान नहीं हो सकता। हमने इस मुद्दे को सुलझाने के लिए एक रोडमैप बनाया है। उन्होंने कहा कि हमने समस्या की जड़, भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने का काम शुरू कर दिया है। 30 किलोमीटर की बाड़ लगाने का काम पूरा हो चुका है। केंद्र सरकार ने पूरी 1500 किलोमीटर की सीमा पर बाड़ लगाने के लिए बजट स्वीकृत किया है। शाह ने कहा,रणनीतिक स्थानों पर सफलतापूर्वक सीआरपीएफ की तैनाती की गई है। घुसपैठ को रोकने के लिए हमने भारत और म्यांमार के बीच हुए समझौते को रद्द कर दिया। इसके तहत लोगों की आवाजाही की अनुमति थी और अब भारत में प्रवेश केवल वीजा के जरिए ही दिया जाता है।

### दुनिया के उत्पादन का केंद्र बना भारत

शाह ने कहा, मैं गर्व के साथ कह सकता हूं कि भारत दुनिया में उत्पादन का केंद्र बन गया है. दुनिया के कई देश हमारे डिजिटल इंडिया अभियान को समझना चाहते हैं और इसे अपने विकास का आधार बनाना चाहते हैं। हम अनुशासन लाए और अर्थव्यवस्था के सभी 13 मापदंडों में आगे बढ़े।

### कांग्रेस अध्यक्ष ने पीएम को लिखा पत्र

# राहुल के खिलाफ दिए हिंसक बयानों पर कार्रवाई की जाए: खरगे

**एजेंसी** | नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर आग्रह किया कि केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू समेत उन नेताओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए, जिन्होंने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ 'आपत्तिजनक एवं हिंसक' बयान दिए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री को उनके जन्मदिन पर लिखे पत्र में उन्हें बधाई देने के साथ ही बिट्टू और सत्तापक्ष के कुछ अन्य नेताओं के राहुल गांधी के खिलाफ बयानों का उल्लेख किया और कहा कि ये भविष्य के लिए घातक हैं।

खरगे ने पत्र में कहा, लोक सभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ बेहद आपत्तिजनक, हिंसक और अशिष्ट बयानों का सिलसिला चल रहा है। दुनिया हैरान है कि केंद्र सरकार में रेल राज्य मंत्री, भाजपा शासित उत्तर प्रदेश के मंत्री आदि लोक सभा में प्रतिपक्ष के नेता को 'नंबर एक आतंकवादी' कह रहे हैं। महाराष्ट्र में आपकी सरकार में सहयोगी दल के एक विधायक, नेता प्रतिपक्ष की जुबान काट कर लाने वाले को 11 लाख रुपए का इनाम देने की घोषणा कर रहे हैं। दिल्ली में एक भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक, उनका "हश्र दादी जैसा" करने की धमकी दे रहे हैं। उन्होंने पत्र में इस बात का उल्लेख किया कि भारतीय संस्कृति अहिंसा, सद्भाव और प्रेम के लिए विश्व भर में जानी जाती है।



### अनुशासन और मर्यादा का अंकुश लगाएं

खरगे ने कहा, मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि आप अपने नेताओं पर अनुशासन और मर्यादा का अंकुश लगाए। उचित आचरण का निर्देश दें। ऐसे बयानों के लिए कड़ी कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि भारतीय राजनीति को पतनशील बनने से रोका जा सके। कोई अनहोनी न हो।

### गृह मंत्री शाह ने हरियाणा में चुनावी रैली को किया संबोधित

# राहुल व उमर के एजेंडे में आतंकियों की रिहाई

**एजेंसी** | भिवानी

केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने आरोप लगाया है कि जम्मू-कश्मीर में विधान सभा चुनाव के बाद राहुल गांधी और उमर अब्दुल्ला का एजेंडा सभी आतंकवादियों को रिहा कराने का और पाकिस्तान से वार्ता करने का है। हरियाणा में अपनी पहली चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि राहुल 'बाबा' किसी भी भाषा में झूठ बोल सकते हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को स्पष्ट करना चाहिए कि जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 को समाप्त करना अच्छा था या बुरा।



भिवानी जिले के लोहारू में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि राहुल गांधी अग्निवीर योजना पर राजनीति कर रहे हैं। शाह ने राहुल के अलावा राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा पर भी सियासी हमला बोला और कहा कि 'हुड्डा एंड कंपनी' अग्निवीर योजना के बारे में झूठ फैला रही है। शाह ने राहुल गांधी के हालिया आरक्षण संबंधी बयानों पर भी उन पर हमला बोला और कहा कि जब तक भाजपा है, हम किसी को भी आरक्षण को छूने नहीं देंगे।

### फिर बनेगी भाजपा सरकार: नायब सिंह

इसी जनसभा में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कहा कि अपने अब तक के कार्यकाल में मैंने 126 ऐतिहासिक फैसले लिए हैं। 8 अक्टूबर को जब वोटों की गिनती होगी तो हरियाणा में फिर से भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा, हमने न केवल घोषणाएं की हैं बल्कि यह भी सुनिश्चित किया है कि उन्हें जमीन पर लागू किया जाए...कांग्रेस वोट पाने के लिए झूठ बोलती है।

### उपचुनाव से पहले फिर अयोध्या जाएंगे सीएम योगी

# 1000 करोड़ रुपए की देंगे सौगात

**एजेंसी** | अयोध्या

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उपचुनाव को देखते हुए 19 सितम्बर को मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र का एक बार फिर दौरा करेंगे और जिले में करीब एक हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री एक जनसभा को भी सम्बोधित करेंगे।

इस दौरे को मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव के नजरिये से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। आने वाले दिनों में उपचुनाव की तारीखों की घोषणा होने वाली है। इसके पहले मुख्यमंत्री की ओर से सिर्फ मिल्कीपुर ही नहीं बल्कि सभी विधानसभा क्षेत्रों को विकास परियोजनाओं की कई सौगातें दी जाएंगी। जिला प्रशासन इन परियोजनाओं को सूचीबद्ध करने में जुटा हुआ है।



मुख्यमंत्री ने उपचुनाव में अयोध्या की प्रतिष्ठापरक सीट मिल्कीपुर और पड़ोसी सीट जिला अम्बेडकरनगर की कटेहरी विधानसभा सीट की कमान खुद संभाल रखी है। मिल्कीपुर सीट समाजवादी पार्टी के विधायक रहे अवधेश प्रसाद के सांसद बनने से खाली हुई है। अवधेश प्रसाद ने फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को पराजित कर दिया था। अब यहां से समाजवादी पार्टी ने उनके बेटे अजीत प्रसाद को टिकट देने का संकेत दिया है। बहुजन समाज पार्टी भी अपना प्रत्याशी उपचुनाव में घोषित करेगी। भारतीय जनता पार्टी ने अभी अपना प्रत्याशी नहीं घोषित किया है। इसके पहले योगी आदित्यनाथ पिछले कुछ दिनों में दो बार मिल्कीपुर विधानसभा का दौरा कर चुके हैं।

**महाराष्ट्र की सियासी डायरी**

# अजित ने तोड़ी चुप्पी... कहा- मैं भी बनना चाहता हूं CM, पर बहुमत जरूरी

**एजेंसी** | पुणे/ मुंबई

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले राज्य में सियासी पारा लगातार चढ़ रहा है। सत्तारूढ़ गठबंधन महायुति और विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाड़ी (एमवीए) दोनों में ही सीटों के बंटवारे और सीएम फेस को लेकर खींचतान जारी है। एमवीए में शिवसेना (यूबीटी) नेता उद्धव ठाकरे लगातार इस बात जोर दे रहे हैं कि सीएम फेस की घोषणा की जाएं। वहीं, सत्तारूढ़ महायुति में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना सीएम पद अपने पास रखना चाहती है, वहीं भाजपा भी सबसे बड़ा घटक होने के नाते



इस पर अपना दावा चाहती है। इस बीच, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार) के प्रमुख और उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने सीएम बनने की महत्वाकांक्षा व्यक्त की है। अजित पवार ने पुणे में पहली बार खुले मंच से चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि वह भी राज्य के मुख्यमंत्री बनने के लिए काफी उत्सुक हैं। हालांकि पवार का यह बयान ऐसे समय में आया है जब शिवसेना के नेता विधानसभा चुनाव के बाद एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री बनाने के लिए जोरदार दलील दे रहे हैं।

हालांकि अजित पवार ने यह भी स्पष्ट किया कि इस मुद्दे पर महायुति भागीदारों के बीच कोई मतभेद नहीं है। पुणे के प्रतिष्ठित दगडूशेठ हल्वाई गणपति मंदिर में पूजा करने के बाद पवार ने कहा कि हर किसी की अपनी राय और इच्छा होती है, लेकिन हर किसी को वह नहीं मिलता जो वह चाहता है। लेकिन इसके लिए वोट देने का अधिकार डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर ने दिया है और आखिरकार यह मतदाताओं के हाथ में है। 288 सदस्यीय राज्य विधानसभा में 145 के आधे के आंकड़े तक पहुंचना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि हर कोई चाहता है कि उसका नेता मुख्यमंत्री बने। जब मैं यह कहता हूं तो मैं भी इसमें शामिल होता हूं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बनने के लिए बहुमत हासिल करना जरूरी है, लेकिन हर किसी की इच्छा पूरी नहीं होती। अजित ने स्पष्ट किया कि भाजपा, शिवसेना और एनसीपी से मिलकर बना महायुति (महागठबंधन) सीएम शिंदे के नेतृत्व में आगामी विधानसभा चुनाव लड़ेगा।

### सीएम पर फैसला चुनाव के बाद

पवार ने कहा कि हम सभी लोग महायुति सरकार को फिर से सत्ता में लाने के लिए प्रयास कर रहे हैं। महायुति सरकार आने के बाद हम सब मिल बैठकर मुख्यमंत्री के बारे में फैसला करेंगे। महायुति आगामी विधानसभा चुनाव मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में लड़ेगी। पवार का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब शिवसेना के नेता विधानसभा चुनाव के बाद एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री बनाने के लिए जोरदार दलील दे रहे हैं। राज्य में कुछ बीजेपी नेताओं ने भगवान गणेश से आशीर्वाद मांगा ताकि देवेंद्र फडणवीस फिर से मुख्यमंत्री बन सकें। एनसीपी नेताओं ने भी राज्य के कई हिस्सों में अजित पवार को अगले मुख्यमंत्री के रूप में पेश करते हुए पोस्टर लगाए हैं।

### जरांगे ने फिर शुरू किया अनशन



छत्रपति संभाजीनगर (महाराष्ट्र)। महाराष्ट्र में मराठा कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने मंगलवार को मराठा समुदाय को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी के तहत आरक्षण देने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन अनशन शुरू कर दिया है। जरांगे का एक साल से अधिक की अवधि में यह छठा अनशन है। उन्होंने छत्रपति संभाजीनगर से लगभग 75 किलोमीटर दूर जालना जिले के अपने पैतृक स्थान अंतरवाली सराटी गांव में सोमवार मध्य रात्रि से अनशन शुरू किया। अपने आंदोलन से पहले संवाददाताओं को संबोधित करते हुए जरांगे ने महाराष्ट्र सरकार पर समुदाय को जानबूझकर आरक्षण नहीं देने का आरोप लगाया और कहा कि मराठा अपनी मांगों को पूरा करने के लिए उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को 'एक और मौका' दे रहे हैं। उन्होंने सत्तारूढ़ दलों को चेतावनी भी दी कि यदि समुदाय की मांगें पूरी नहीं की गईं तो उन्हें आगामी विधानसभा चुनावों में इसके परिणाम भुगतने होंगे। जरांगे उस मसौदा अधिसूचना के क्रियान्वयन की मांग कर रहे हैं, जिसमें कुनबी समुदाय को मराठा समुदाय के सदस्यों के 'सगे सोयरे' (रक्त संबंधी) के रूप में मान्यता दी गई है और उन्हें अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी के तहत आरक्षण दिया है।

## जरूरी खबर

### गहरी खाई में गिरा सेना का वाहन, दो कमांडो शहीद

**श्रीनगर।** जम्मू संभाग के राजौरी जिले में मंगलवार देर शाम सेना का एक आर्मांडो वाहन सड़क से 300 फीट नीचे गहरे नाले में जा गिरा। इस हादसे में वाहन में सवार दो पैरा कमांडो की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो अन्य कमांडो गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को राजौरी में सेना के 150 जनरल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए रात को हेलिकाप्टर से ऊधमपुर में सेना के कमान अस्पताल रेफर कर दिया गया। मृतकों में पैरा कमांडो अनिल दरवंते व जनार्दन नायडू और घायलों में पैरा कमांडो बलजीत सिंह व विमल सिंह शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, मंजाकोट क्षेत्र में पैरा कमांडो आर्मांडो वाहन में सवार होकर अपने शिविर की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान वाहन नाले में जा गिरा, जिससे वह पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

### चन्नी व अग्निहोत्री कांग्रेस के वरिष्ठ पर्यवेक्षक नियुक्त



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए दो वरिष्ठ पर्यवेक्षक नियुक्त किये हैं। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने मंगलवार को यहां बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने चरणजीत सिंह चन्नी और मुकेश अग्निहोत्रि को वरिष्ठ पर्यवेक्षक बनाया है। उन्होंने कहा कि खरगे ने दोनों पर्यवेक्षकों को तत्काल प्रभाव से अपना काम शुरू करने के लिए कहा है। जम्मू कश्मीर कश्मीर में तीन चरणों में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। प्रथम चरण का मतदान बुधवार को होगा।

### टीएमसी विधायक के घर पर ईडी ने मारा छापा

**कोलकाता।** कोलकाता के सरकारी अस्पताल आरजी कर घोटाला मामले में सीएम ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी के विधायक सुदीप्तो रॉय पर शिकंजा कसता जा रहा है। ईडी के अधिकारियों ने उनके घर छापेमारी की है। इससे पहले सीबीआई के अधिकारियों ने आरजी कर दुष्कर्म एवं हत्या मामले में रॉय से पूछताछ की थी। विधायक सुदीप्तो रॉय एक चिकित्सक भी हैं। इससे पहले बीते शुक्रवार को सीबीआई अधिकारियों की एक टीम कोलकाता के उत्तरी छोर स्थित सिंथी इलाके में रॉय के आवास पर पहुंची थी और मामले की जांच के सिलसिले में उनसे पूछताछ की।

## प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों से संवाद



**भुवनेश्वर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को ओडिशा दौरे के दौरान कई कार्यक्रमों में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने सुभद्रा योजना की शुरुआत की। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभान्वितों से भी बातचीत की। चित्र में लाभार्थियों से बातचीत करते पीएम मोदी।

### कर्नाटक BJP अध्यक्ष विजेंद्र का विरोध तेज



**बेंगलुरु।** कर्नाटक में भाजपा के भीतर का असंतोष फिर से उभरता दिख रहा है। वरिष्ठ नेता रमेश जारकीहोली ने सोमवार को पार्टी के राज्य अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र के नेतृत्व पर सवाल उठाते हुए कहा कि वे उनके नेतृत्व को कभी स्वीकार नहीं करेंगे। जारकीहोली ने आरोप लगाया कि विजयेंद्र की वजह से ही पार्टी को राज्य में भ्रष्ट होने का टैग मिला है। उन्होंने कहा, विजयेंद्र एक जूनियर नेता हैं और हम उनके नेतृत्व के खिलाफ हैं, लेकिन येदियुरप्पा के खिलाफ नहीं हैं। जारकीहोली के इस बयान के बाद कर्नाटक बीजेपी में फिर से गुटबाजी की खबरें सामने आई हैं। उल्लेखनीय है कि पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा के छोटे बेटे विजयेंद्र को पिछले साल नवंबर में राज्य भाजपा अध्यक्ष नियुक्त किया गया था।

**कोलकाता रेप व मर्डर केस: बंगाल सरकार को अधिसूचना में संशोधन का निर्देश**

# महिलाओं को नाइट ड्यूटी से नहीं कर सकते मना, सुरक्षा दे सरकार: SC

एजेंसी | नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि किसी भी कामकाजी महिला को यह नहीं कहा जा सकता कि वह रात में काम नहीं करे। इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने पश्चिम बंगाल सरकार की उस अधिसूचना पर कड़ी आपत्ति जताई जिसमें महिला डॉक्टरों को रात्रि ड्यूटी से परहेज करने और उनकी ड्यूटी 12 घंटे से ज्यादा न होने की बात कही गई थी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायाधीश जे बी पार्दीवाला और न्यायाधीश मनोज मिश्रा की पीठ ने कोलकाता में नौ अगस्त को एक प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ कथित दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या के मुकदमे में 'स्वतः संज्ञान' सुनवाई के दौरान सुरक्षा चिंताओं के मद्देनजर पश्चिम बंगाल सरकार की एक अधिसूचना के बारे में बताए जाने के बाद यह टिप्पणी की। चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने इस बात पर जोर दिया है कि महिलाओं को सुरक्षा देना सरकार का कर्तव्य है और वह इससे भाग नहीं सकते हैं।



### CJI ने कहा- करनी होगी सुरक्षा

चीफ जस्टिस ने ममता बनर्जी सरकार के वकील कपिल सिब्बल से कहा, आपको इस पर गौर करना होगा। इसका जवाब यह है कि आपको सुरक्षा देनी होगी। पश्चिम बंगाल को यह नियम बदलने होंगे। आपका कर्तव्य सुरक्षा प्रदान करना है। आप यह नहीं कह सकते कि महिलाएं रात में काम नहीं कर सकतीं। पायलट, सेना सभी रात में काम करते हैं। कोर्ट ने कहा कि महिला डॉक्टरों के रात में काम न करने की स्थिति उनके कॅरिअर को प्रभावित करेगी। इसके बाद कपिल सिब्बल ने जवाब दिया कि संबंधित नियम को हटा दिया जाएगा।

### मनोज वर्मा कोलकाता के नए पुलिस आयुक्त

पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार ने आंदोलनकारी जूनियर डॉक्टरों के साथ अपनी बैठक के एक दिन बाद स्वास्थ्य और पुलिस विभागों में मंगलवार को फेरबदल किया है। भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी मनोज कुमार वर्मा को विनीत गोयल की जगह कोलकाता का नया पुलिस आयुक्त बनाया गया है। उन्हें पश्चिम बंगाल पुलिस के विशेष कार्य बल का अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक तथा पुलिस महानिरीक्षक बनाया गया है।

### पीड़िता की तस्वीर हटाने के निर्देश

सुप्रीम कोर्ट ने मामले की 'स्वत:संज्ञान' सुनवाई के दौरान 'विकिपीडिया' के रवैए पर कड़ी आपत्ति जताई और उसे पीड़िता का नाम और तस्वीर तुरंत हटाने का निर्देश दिया।

### स्वास्थ्य सेवा निदेशक व चिकित्सा सेवा निदेशक को हटाया

वहीं, स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी आदेश में स्वास्थ्य सेवा निदेशक डॉ. देवाशीष हलदर और चिकित्सा शिक्षा निदेशक डॉ कौस्तव नायक सहित चार वरिष्ठ अधिकारियों का तबादला किया गया है। डॉ देवाशीष हलदर की जगह डॉ स्वपन सोरेन को नए स्वास्थ्य सेवा निदेशक का प्रभार दिया गया है। आरजी कर घटना के बाद से आंदोलनरत जूनियर डाक्टर डीएचएस और डीएमई को हटाने की मांग कर रहे थे।

**मोदी का अमेरिका दौरा 21 सितंबर से**

## क्वाड शिखर बैठक में होंगे शामिल, UN महासभा को करेंगे संबोधित

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 21 से 23 सितंबर तक अमेरिका की यात्रा पर जाएंगे। इस दौरान प्रधान मंत्री 21 सितंबर को अमेरिका के डेलवेयर में विल्मिंगटन में चौथे क्वाड नेताओं की शिखर बैठक में शामिल होंगे। जिसकी मेजबानी अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन करेंगे। इस साल क्वाड शिखर बैठक की मेजबानी करने की बारी भारत की थी। लेकिन अमेरिका के अनुरोध के बाद, भारत 2025 में अगली क्वाड शिखर बैठक की मेजबानी पर राजी हो गया। क्वाड के सदस्य देशों में भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं। यह हिंद प्रशांत क्षेत्र में आपसी सहयोग के लिए काम करता है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, 22 सितंबर को प्रधानमंत्री न्यूयॉर्क में भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित करेंगे, जबकि 23 सितंबर को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में 'समिट ऑफ द फ्यूचर' को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी इस दौरे के दौरान न्यूयॉर्क में अग्रणी अमेरिकी कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ भी बातचीत करेंगे, ताकि एआई, जैवप्रौद्योगिकी और सेमीकंडक्टर आदि के क्षेत्र में साझेदारी मजबूत की जा सके। विदेश मंत्रालय ने कहा, क्वाड शिखर बैठक में सदस्य देशों के नेता पिछले एक साल में क्वाड द्वारा हासिल की गई प्रगति की समीक्षा करेंगे और हिंद-प्रशांत क्षेत्र के देशों को उनके विकास लक्ष्यों एवं आकांक्षाओं को पूरा करने में सहयोग का एजेंडा तय करेंगे।



### सैन्यकर्मियों के विरुद्ध अभियोजन की अनुमति नहीं

**नई दिल्ली।** नगालैंड के मोन जिले में उग्रवादियों के विरुद्ध एक असफल अभियान में 2021 में 13 नागरिकों की हत्या के आरोपित 30 सैन्यकर्मियों के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट ने प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई आपराधिक कार्रवाई बंद कर दी है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस पीबी वराले की पीठ ने कहा कि सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम (अफस्पा), 1958 की धारा-6 के तहत केंद्र सरकार ने पिछले वर्ष 28 फरवरी को इन सैन्यकर्मियों के विरुद्ध अभियोजन की अनुमति देने से इन्कार कर दिया था।

**जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव: आज बिखरेंगे लोकतंत्र के रंग**

## प्रथम चरण में 24 सीटों पर सियासी भाग्य होगा तय

एजेंसी | नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर में 10 साल बाद हो रहे विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए मंच तैयार है। लोकतंत्र के इस महापर्व में बुधवार की सुबह सात बजे से शाम 6 बजे तक सात जिलों की 24 विधानसभा सीटों के लिए मतदान होगा। जिन मतदान केंद्रों पर आखिरी समय तक भी मतदाताओं की कतारें होंगी तो वहां मतदान समय अवधि बढ़ाने का प्रावधान रहेगा। कश्मीर संभाग के 16 और जम्मू संभाग के 8 विधानसभा क्षेत्रों में 219 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनके भाग्य का फैसला 23.27 लाख मतदाता करेंगे। प्रदेश में 3276 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं।



### इन सीटों पर होगा मतदान

कश्मीर संभाग में अनंतनाग, पुलवामा, शोपियां और कुलगाम, जम्मू संभाग में डोडा, रामबन और किश्तवाड़ जिले में मतदान होगा। कश्मीर संभाग के पंपोर, त्राल, पुलवामा, राजपोरा, जैनापोरा, शोपियां, डीएच पोरा, कुलगाम, देवसर, डोरू, कोकरनाग (एसटी), अनंतनाग पश्चिम, अनंतनाग, श्रीगुफवारा-बिजबेहरा, शांगस-अनंतनाग पूर्व, पहलगाम और जम्मू संभाग में इंद्रवाल, किश्तवाड़, पाडर-नागसेनी, भद्रवाह, डोडा, डोडा पश्चिम, रामबन और बनिहाल में मतदान होगा।

### कहां कितनी सीटों पर वोटिंग

| | |
|---|---|
| कश्मीर संभाग | 16 |
| जम्मू संभाग | 8 |

### कुल मतदाता

23,27,580 लाख

11,76,462 लाख पुरुष, 11,51,058 लाख महिला, 60 थर्ड जेंडर

### महबूबा की बेटी त्रिकोणीय मुकाबले में फंसी

विधानसभा चुनाव के पहले चरण में प्रमुख सीटों पर जाने-माने राजनीतिक हस्तियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है। अनंतनाग के एक प्रमुख निर्वाचन क्षेत्र बिजबेहरा में पीडीपी की इल्तिजा मुफ्ती, बीजेपी के सोफी यूसुफ और नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन के बशीर अहमद वीरी के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है। इल्तिजा मुफ्ती पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती की बेटी हैं। पंपोर में, नेशनल कॉन्फ्रेंस के हसनैन मसूदी का मुकाबला पीडीपी के जहूर अहमद मीर से होगा, जिन्होंने 2008 और 2014 में जीत हासिल की थी।

### श्रीकृष्ण जन्मभूमि केस: सुप्रीम कोर्ट पहुंचा मुस्लिम पक्ष

**नई दिल्ली।** मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद मामले में सुप्रीम कोर्ट नवंबर के पहले सप्ताह में मुस्लिम पक्ष की याचिका पर सुनवाई करेगा। शाही मस्जिद ईदगाह प्रबंधन ट्रस्ट समिति ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। मंगलवार को सुनवाई के दौरान मुस्लिम पक्ष को शीर्ष अदालत से खास राहत नहीं मिली है। ट्रस्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी जिसमें श्री कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद से जुड़े 18 मामलों की विचारणीयता को चुनौती देने वाली उसकी याचिका को खारिज कर दिया था।

**पीएम मोदी ने मनाया 74 वां जन्मदिन**

# 25 लाख महिलाओं को दिया तोहफा, भाजपा का सेवा पखवाड़ा शुरू

एजेंसी | भुवनेश्वर/नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को अपना 74वां जन्मदिन मनाया। देश-विदेश के अनेक नेताओं ने उनको जन्मदिन पर बधाई दी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने संदेश में पीएम मोदी को बधाई दी। इस अवसर भारतीय जनता पार्टी ने सेवा पखवाड़े की शुरुआत की। पीएम मोदी ने इस अवसर पर ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में सुभद्रा योजना की शुरुआत की है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राजग सरकार के तीसरे कार्यकाल के पिछले 100 दिनों में देश के गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के कल्याण के लिए कई बड़े फैसले लिए गए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि कोई भी राष्ट्र तभी तेजी से आगे बढ़ता है, जब उसकी आधी आबादी यानी महिला शक्ति की भागीदारी समान हो। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है, जहां भगवान विश्वकर्मा के रूप में कौशल और श्रम की पूजा की जाती है। उन्होंने भगवान जगन्नाथ की धरती से देशभर में 30 लाख से अधिक परिवारों को पक्के मकान सौंपे जाने का भी जिक्र किया और कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में 26 लाख मकान और शहरी क्षेत्रों में 4 लाख मकान सौंपे गए हैं।



### क्या है सुभद्रा योजना

सुभद्रा योजना महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए ओडिशा सरकार की एक प्रमुख योजना है। इसके तहत राज्य की 1 करोड़ से ज्यादा महिलाओं को अगले पांच सालों में हर साल 10,000 रुपए दिए जाएंग है। मंगलवार को सुभद्रा योजना के तहत 25 लाख से अधिक महिलाओं को 5000 रुपए की पहली किस्त मिली है। सरकार के मुताबिक इस योजना का उद्देश्य 21 से 60 वर्ष की आयु वर्ग की एक करोड़ महिलाओं को पांच सालों में 50,000 रुपए की नकद सहायता प्रदान करना है। राज्य सरकार इस योजना पर 55000 करोड़ रुपए खर्च करने की योजना बना रही है।

### रेलवे परियोजनाओं को भी दिखाई हरी झंडी

मोदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना- शहरी की एक लाभार्थी से भुवनेश्वर में उसके घर पर मुलाकात की और अपने जन्मदिन के अवसर पर खीर भी खाई। इससे पहले मोदी ने मंगलवार को वर्चुअली 2,800 करोड़ रुपए की रेलवे परियोजनाओं और 1,000 करोड़ रुपए की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी और उनका लोकार्पण किया।

### PMAY के तहत 26 लाख लोगों ने गृह प्रवेश मनाया

पीएम ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत 14 राज्यों के लगभग 13 लाख लाभार्थियों को वित्तीय सहायता की पहली किस्त भी जारी की। इस अवसर पर 26 लाख PMAY (ग्रामीण और शहरी) लाभार्थियों ने गृह प्रवेश मनाया। पीएम मोदी ने केंद्रीय योजना के तहत नए मकान मालिकों को घरों की चाबियां भी सौंपी।

### योगी ने की विशेष पूजा अर्चना

पीएम मोदी के जन्मदिन पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी में काल भैरव मंदिर में विशेष पूजन किया है। इसके बाद उन्होंने 74 किलो का एक बड़ा सा लड्डू काटकर भक्तों में वितरित करते हुए पीएम मोदी का जन्मदिन मनाया। इसके अलावा उन्होंने स्वच्छता अभियान और स्वच्छता दौड़ की शुरुआत दशाश्वमेध क्षेत्र से की है।

### कांग्रेस को मेरे गणेश पूजा में भाग लेने से भी समस्या : पीएम मोदी

इस मौके पर पीएम मोदी ने गणेश चतुर्थी पर देश के सीजेआई चंद्रचूड़ के घर पर जाने से उपजे विवाद पर पहली बारी बात की। उन्होंने कहा कि आज भी समाज में विभाजन चाहने वाले लोगों को गणेश उत्सव से समस्याएं हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके 'ईकोसिस्टम' को मेरे गणेश पूजा में भाग लेने से समस्या है। 'सत्ता के भूखे लोगों' को गणेश पूजा से भी परेशानी हो रही है। मोदी ने कहा कि कर्नाटक में भगवान गणेश को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया गया।

‘युध्रा’ फिल्म के प्रमोशन के लिए जयपुर आए कलाकारों ने युवाओं के बीच की मस्ती

# बॉलीवुड सितारों को भाई राजस्थान की शान पगड़ी, यहां की दाल-बाटी-चूरमा

बेधड़क.जयपुर। राजस्थानी पगड़ी पहने जब बॉलीवुड सितारों ने दाल-बाटी-चूरमा का स्वागत राजस्थानी स्टाइल में लिया तो जयपुराइट्स रोमांचित हो गए। फिर वे जयपुर के यूथ के बीच पहुंचे और जमकर डांस-मस्ती करते हुए चीयर किया। ये थे जयपुर में अपनी फिल्म ‘युध्रा’ का प्रमोशन करने आए सिद्धांत चतुर्वेदी, मालविका मोहनन, राघव जुयाल, जिन्होंने दिन भर गुलाबी नगरी में कार्यक्रमों में हिस्सा लिया।





### राघव ने किया खूब एंटरटेन

‘युध्रा’ की रिलीज से पहले कलाकार जयपुर पहुंचे थे और उन्होंने एक्शन से भरपूर फिल्म के ट्रेलर ने पहले ही दर्शकों के बीच जिज्ञासा पैदा की। दूसरी ओर राघव जुयाल ने अपने चिरपरिचित अंदाज में डांस और मस्ती करते हुए जयपुर के युवाओं को खूब एंटरटेन किया। उन्होंने सिद्धांत के साथ ही डांस करना शुरू कर दिया, जिसे देखकर हर कोई अपनी हंसी नहीं रोक पाया। इस दौरान उन्होंने कॉलेज स्टूडेंट्स व मीडिया से मुलाकात की और राजस्थानी शाही थाली का स्वाद लिया।

### सिद्धांत चतुर्वेदी बने हैं ‘युध्रा’

फिल्म में सिद्धांत चतुर्वेदी ने ‘युध्रा’ का किरदार निभाया है, जो बदला लेने का जुनून रखता है। मालविका मोहनन ने निखत का किरदार निभाया है, जो कहानी में भावनात्मक गहराई लाती है। सिद्धांत और मालविका के साथ गजराज राव, राम कपूर, राज अर्जुन जैसे सपोर्टिंग एक्टर्स नजर आएंगे। मूवी के गाने दर्शकों के बीच आ चुके हैं, जिन पर जयपुर टुअर के दौरान कलाकारों ने डांस करके दिखाया।



### भीड़ के बीच क्लिक कराई सेल्फी

इस दौरान सिद्धांत और राघव युवाओं की भीड़ के बीच पहुंच गए और उनके साथ डांस करते हुए सेल्फी क्लिक कराई। जयपुर के यूथ ने तीनों का गर्मजोशी से वेलकम करते हुए उनको राजस्थानी अंदाज से रूबरू कराया, जिसे देखकर कलाकार रोमांचित हो उठे।




## ‘स्वच्छता ही सेवा अभियान’ शुरू




**बेधड़क. जयपुर।** दूरदर्शन केंद्र जयपुर में ‘स्वच्छता ही सेवा अभियान-2024’ की शुरुआत मंगलवार को की गई। इस अवसर पर कार्यालय प्रमुख व उप-महानिदेशक (अभियांत्रिकी) सतीश देपाल ने कार्यालय अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। देपाल ने बताया कि अभियान के दौरान कार्यालय में स्वच्छता का कार्यक्रम चलाया जाएगा, जिसके तहत श्रमदान करते हुए विभिन्न स्थलों की साफ सफाई करेंगे। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रमुख सीमा विजय, निदेशक (अभियांत्रिकी) निलेश खंडेलवाल, उप-निदेशक (अभियांत्रिकी) राजीव गुप्ता, सहायक निदेशक (अभियांत्रिकी) मूलाराम चौधरी, सहायक निदेशक (कार्यक्रम) सुरेश चंद्र मीणा, सहायक निदेशक (कार्यक्रम) राकेश जैन, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी रंगलाल बैरवा, आहरण व संवितरण अधिकारी वीरेंद्र कुमार सारस्वत समेत केंद्र के कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## माड शैली पर पुस्तक का विमोचन



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान की शैली माड उद्गम व विकास’ पुस्तक का विमोचन मंगलवार को किया गया। विमोचन महात्मा गांधी विश्वविद्यालय के चेयरमैन डॉ. मोहन लाल स्वर्णकार ने किया। डॉ. हनुमान सहाय की गायन प्रस्तुति हुई। राग भिन्न षड्ज से गायन शुरू हुआ और अछुप ताल पद्माक्ष सवा 9 मात्रा में बंदिश प्रस्तूत की। अंत में कजरी बरसन लागी सावन बुंदरिया की प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम संचालन संगीता गुप्ता ने किया।

## श्रीजी का किया अभिषेक



**बेधड़क. जयपुर।** श्रीआदिनाथ दिगम्बर अतिशय क्षेत्र जैन मंदिर कोटखावदा वीतराग धर्म का उत्तम ब्रह्मचर्य दशलक्षण पर्व व जैन धर्म के 12वें तीर्थंकर भगवान वासुपूज्य का मोक्ष कल्याणक दिवस मनाया गया। अमन जैन प्रचार प्रसार मंत्री ने बताया कि सुबह कालीन बैला में जैन धर्म के 12वें तीर्थंकर भगवान वासुपूज्य का पंचामृत अभिषेक व शांतिधारा की गई। शाम को अनन्त चतुर्दशी पर श्रीजी के जलाअभिषेक किए। माल का सौभाग्य महावीर कुमार, राजेश कुमार, अंकित गंगवाल व समस्त गंगवाल परिवार को प्राप्त हुआ।

## City इवेंट्स

### स्व धर्म साधना शिविर का समापन



**बेधड़क. जयपुर।** मानसरोवर के मीरामार्ग स्थित आदिनाथ भवन में चातुर्मास कर रहे अर्हम योग प्रणेता मुनि प्रणम्य सागर महाराज ससंघ के सान्निध्य में गौखले मार्ग स्थित सामुदायिक केन्द्र में योग-ध्यान कराया गया। अध्यक्ष सुशील पहाड़िया व मंत्री राजेन्द्र सेठी ने बताया कि 10 दिवसीय स्व धर्म शिविर सुबह 5:30 से 7 बजे तक उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म पर अर्हं योग व ध्यान कराया गया।

### 1100 दीपकों से की महाआरती



**बेधड़क. जयपुर।** सीसी नगर शॉपिंग सेंटर कमला नेहरू नगर में चल रहे तृतीय महा-गणेशोत्सव कार्यक्रम में आज 1100 दीपकों से महाआरती की गई। गणपति दरबार में मनमोहक फूलों की झांकी सजाई गई, जिसे देखने बड़ी संख्या में लोग आए। महाआरती में रणवीर सिंह गुढ़ा, आरपीएस आलोक गौतम, गणेश नारायण आदि शामिल हुए।

### ‘अंतरराष्ट्रीय सूक्ष्म जीव’ दिवस मनाया



**बेधड़क. जयपुर।** संसाधन के रूप में सूक्ष्म जीव’ विषय पर अंतरराष्ट्रीय सूक्ष्म जीव दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सूक्ष्मजीवों का हमारे दैनिक जीवन में महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना रहा। इस अवसर पर युवाओं ने माइक्रोबियल स्लाइड मेकिंग और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं में भाग लिया। प्रतियोगिताओं से जानकारी प्राप्त हुई कि सूक्ष्मजीव खाद्य उद्योग, अपशिष्ट उपचार और पर्यावरण उपचार, कृषि, ईंधन उत्पादन आदि के लिए महत्वपूर्ण हैं। डॉ. सीमा अग्रवाल व डॉ. रंजना अग्रवाल ने प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया और उनके गहन प्रयासों के लिए मोटिवेट किया। कार्यक्रम संचालन डॉ. नीतू महावर, डॉ. साक्षी सिंह, आस्था माथुर व आरती सोनी ने किया।

भगवान वासुपूज्य का मोक्ष कल्याणक दिवस मनाया

## भोग, उपभोग की भावना से रहित रहना ही उत्तम ब्रह्मचर्य



बेधड़क | जयपुर

दिगम्बर जैन धर्मावलंबियों ने अनन्त चतुर्दशी पर कई कार्यक्रम आयोजित किए। राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर प्रदेश महामंत्री विनोद जैन ने बताया कि श्रद्धालुओं ने निराहार रहकर उपवास किया।

सुबह भगवान की पूजा-अर्चना के बाद 12वें तीर्थंकर भगवान वासुपूज्य का मोक्ष कल्याणक दिवस मनाया गया। निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। दोपहर में चौबीस तीर्थंकरों की मण्डल पर चौबीसी पूजा विधान से महार्चना की गई। शाम को श्रीजी के दशलक्षण समापन कलश हुए और श्रीजी की माल हुई।

सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कर्म निर्झर तेला व रत्नत्रय व्रत व तेला की आराधना की। साथ ही वीतराग धर्म का उत्तम ब्रह्मचर्य लक्षण मनाया गया। इस मौके पर चातुर्मास स्थलों पर संतों व विद्वानों ने उत्तम ब्रह्मचर्य लक्षण पर प्रवचन दिए।

प्रवचन देते हुए कहा कि उपभोग की भावना से रहित रहना ही उत्तम ब्रह्मचर्य है। मालवीय नगर के सैक्टर 3 स्थित श्रीशांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में अभिषेक, शांतिधारा के बाद विशेष पूजा अर्चना की गई। श्योपुर प्रतापनगर के श्रीचन्द्रप्रभू दिगम्बर जैन मंदिर में महिलाओं ने दिव्या बाकलीवाल, अमिता साह, मीनू जैन निमोडिया के नेतृत्व में अष्ट द्रव्य से पूजा-अर्चना की।

उत्तर पश्चिम रेलवे की ओर से सामूहिक पौधरोपण

## स्वच्छता की शपथ ली और एक पेड़ लगाया मां के नाम




बेधड़क | जयपुर

उत्तर पश्चिम रेलवे की ओर से ‘स्वच्छता ही सेवा’ अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए अधिकारियों व कर्मचारियों ने स्वच्छता की शपथ ली व मुख्यालय में ‘एक पेड़ मां के नाम’ कार्यक्रम में वृक्षारोपण किया। महाप्रबंधक अमिताभ ने उत्तर पश्चिम रेलवे मुख्यालय में रेलवे अधिकारियों तथा कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। सभी रेलकर्मियों ने 100 घंटे स्वच्छता के लिए श्रमदान करने तथा 100 अन्य व्यक्तियों को इस कार्य के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। साथ ही पोस्टर, सेल्फी प्वाइंट आदि लगाकर अभियान में वाले कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर अमिताभ के साथ अपर महाप्रबंधक अशोक माहेश्वरी, प्रमुख मुख्य इंजीनियर जी एल गोयल, प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर विजय कुमार, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक अनिल कुमार गुप्ता, मुख्य चल स्टॉक इंजीनियर (फ्रेट व ईएमएचएम) मनीष कुमार तथा उत्तर पश्चिम रेलवे अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। अभियान में बुधवार को सफाई मित्र सुरक्षा शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें रेलवे स्टेशनों, रेलवे कॉलोनियों तथा अन्य रेल इकाइयों में सफाई कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए जाएंगे तथा उन्हें सुरक्षा तथा अन्य उपकरण दिए जाएंगे।

कार्यकारिणी की घोषणा | पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत महानगर जयपुर में हुआ कार्यक्रम

## धर्मांतरण की समस्या को रोकने के करने होंगे प्रयास

बेधड़क | जयपुर

पूज्य सिंधी सेन्ट्रल पंचायत जयपुर महानगर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष गिरधारी लाल मनकानी ने नई कार्यकारिणी की घोषणा आरएएस क्लब में की। समारोह में उपस्थित सभी पदाधिकारियों, सदस्यगण और समाज के महानुभावों का सम्मानित किया गया। शहर की सिंधी समाज की संस्थाओं और पंचायतों के मुखी गणों को सेंट्रल पंचायत में प्रतिनिधित्व देकर एकता का संदेश दिया गया। श्रीअमरापुर नवयुवक मंडल, साध पुरसनाराम सेवा मंडल, भारतीय सिंधु सभा, सिंधु वेलफेयर सोसायटी, चेटीचंड सिंधी मेला समिति, भगवान झूलेलाल सेवा समिति, बैंक एम्प्लॉयज सिंधु संगम, आल इंडिया सिंधु कल्चरल सोसायटी, हेमू कालानी सेवा समिति, सिंधु संस्कृति प्रसार संस्था, जयपुर सिंधु एसोसिएशन, सिंधु सेना सहित अन्य संस्थाओं और शहर की समस्त पंचायतों के प्रतिनिधियों को सेंट्रल पंचायत की नवगठित कार्यकारिणी में स्थान दिया गया।




### देवनानी ने दिलाई शपथ

समारोह के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी को कार्यकारिणी में मुख्य संरक्षक बनाया गया। इस मौके पर उन्होंने कार्यकारिणी को सामूहिक शपथ ग्रहण कराया। देवनानी कहा कि सिंधी समाज की सभी सामाजिक संस्थाओं को मिलकर धर्मांतरण की समस्या को रुकवाने के लिए सार्थक प्रयास करने चाहिए। उन्होंने आह्वान किया कि शिक्षा क्षेत्र में सिंधी समाज के बच्चों को शिक्षित करने का भी सफल प्रयास होना चाहिए।

**भामाशाहों की कमी नहीं:** इस कार्य के लिए सिंधी समाज में भामाशाहों की कमी नहीं है। महासचिव जेठानंद नंदवानी ने कार्यक्रम में उपस्थित समाज के महानुभावों मोहन लाल वाधवानी, किशनचंद वाधवानी, गोरधन आसनानी, बी.डी.टेकवानी, नारायण दास नाजवानी, हरगुण नेभनानी, चंदीराम राघाणी, थांवर दास राम रख्यानी, साधुराम तोतलानी, एडवोकेट चंद्र प्रकाश खेतानी, मोहन नानकानी, तुलसी संगतानी, श्याम पारवानी, कमल आसवानी, छबलदास नवलानी, पंकज रायचंदानी, टीकम दास खटवानी, भारती जानयानी, मीना मूलचंदानी, उषा वाधवा, भूमि कृपलानी, हेमा सिंधी का स्वागत किया। कोषाध्यक्ष कमलेश आसूदानी ने सक्रिए भागीदारी निभाने के लिए प्रेमचंद कुंदनानी, जय किशन सोनी, धर्मदास लखवानी, कन्हैयालाल सुखनानी, कन्हैयालाल भूरानी, किशन गुरबानी, ललित रुपानी सहित अभी आगंतुकों को धन्यवाद दिया।

मनुष्य का हमेशा डर के माध्यम से शोषण किया जाता है।
विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

### आतंक का नया तरीका, एक साथ पेजर में हुए विस्फोट, हमले के पीछे इजराइल का हाथ होने का शक

# लेबनान में पेजर ब्लास्ट, 8 की मौत... 2800 से ज्यादा घायल

**एजेंसी** | बेयरूत

लेबनान में मंगलवार को हुए पेजर ब्लास्ट ने पूरी दुनिया को चौका कर रख दिया है। पेजर सीरियल ब्लास्ट में 8 लोगों की मौत हो गई है, वहीं 2800 लोग घायल हो गए हैं। पेजर में एक साथ ब्लास्ट हुए, इसे आतंक का नया तरीका माना जा रहा है। घायलों में स्वास्थ्यकर्मी, ईरान के राजदूत मोजीतबा अमानी और हिजबुल्लाह के लड़ाके हैं। हिजबुल्लाह ने इसमें इजराइल का हाथ होने का शक जताया है। हमले के बाद लेबनान सरकार ने सभी लोगों से अपने पास रखे पेजर फेंकने को कहा है। पेजर के अलावा रेडियो और ट्रांसमीटर भी ब्लास्ट होने की सूचना है। मरने वालों और घायलों की संख्या का ये दावा टाइम्स ऑफ इजराइल ने किया है। लेबनान के साथ ही सीरिया में भी पेजर ब्लास्ट की घटनाएं सामने आई हैं। इसमें भी हिजबुल्लाह के कई लड़ाके घायल हुए हैं। इन्हें सीरिया की राजधानी दमिश्क और उसके आसपास के अस्पतालों में ले जाया गया है।

## ईरान के राजदूत अमानी और हिजबुल्लाह के लड़ाके भी जखमी

लेबनान में करीब 3:30 बजे पेजर ब्लास्ट होने शुरू हो गए। घायलों में स्वास्थ्यकर्मी, ईरान के राजदूत मोजीतबा अमानी और हिजबुल्लाह के लड़ाके हैं। इन ब्लास्ट के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। इसमें बड़ी संख्या में लोग घायल हुए हैं। हिजबुल्लाह की एजेंसियां विस्फोटों के कारणों का पता लगाने में जुटी हैं। घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। इन हमलों की जो तस्वीरें सामने आ रही हैं वो दिल दहला देने वाली हैं। इनमें देखा जा सकता है कि खून से लथपथ लोग जमीन पर पड़े हुए हैं। भारी संख्या में लोगों के घायल होने की वजह से अस्पतालों में भी अफरा-तफरी देखने को मिल रही है।



## हिजबुल्लाह सांसद के बेटे की मौत

पेजर अटैक में हिजबुल्लाह के टॉप कमांडर के घायल होने का दावा किया गया है। सऊदी के अलहदाथ समाचार चैनल के मुताबिक, इन विस्फोटो में शीर्ष कमांडर के साथ उनके सहयोगी नेता और सलाहकार घायल हुए हैं। एक हिजबुल्लाह सांसद के बेटे की मौत हो गई है। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, सांसद का नाम अली अम्मार है।

## नसरल्लाह ने दी थी सेलफोन न रखने की चेतावनी

अभी तक इजराइल की ओर से इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। पूर्व में हिजबुल्लाह नेता हसन नसरल्लाह ने अपने लोगों से कहा था कि वो सेलफोन न रखें। फोन का इस्तेमाल इजराइल उनकी गतिविधियों को ट्रैक करने में कर सकता है। साथ ही निशाना बनाकर हमलों को भी अंजाम दे सकता है।





### कनाडा की संसद में गूंजा हमले का मामला

# 'बांग्लादेश में कुछ भी होता है तो हिंदू निशाना बनते हैं'

- 23 सितंबर को पर्लियामेंट हिल पर रैली का होगा आयोजन
- बांग्लादेश के 48 जिलों में हिंदुओं पर हमले

**एजेंसी** | ओटावा

कनाडा में सांसद ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यक खासकर हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसा का मुद्दा उठाया। कनाडाई सांसद चंद्र आर्या ने कहा कि बांग्लादेश में जारी हिंसा से बहुत चिंतित हूं।

कर्नाटक के ताल्लुक करने वाले चंद्रा आर्या ने एलान किया है कि 23 सितंबर को पर्लियामेंट हिल पर एक रैली का आयोजन करेंगे। इसमें वह बांग्लादेश की मौजूदा स्थिति को उजागर करेंगे। आर्या के मुताबिक रैली में हिंदुओं के अलावा बौद्ध और ईसाई भी शामिल होंगे। कनाडा की संसद में चंद्रा आर्या ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं, बौद्धों और ईसाइयों समेत अल्पसंख्यकों को निशाना बनाकर की जा रही हिंसा से मैं बेहद चिंतित हूं। बांग्लादेश में जब भी अस्थिरता होती है तो धार्मिक अल्पसंख्यकों खासकर हिंदुओं को इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है।



## कनाडा में प्रदर्शन करेंगे हिंदू

चंद्रा आर्या ने कहा कि बांग्लादेश में रहने वाले कनाडाई हिंदू अपने परिवारों, मंदिरों और संपत्तियों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। हिंदू वहां की मौजूदा स्थिति को उजागर करने के लिए 23 सितंबर को पार्लियामेंट हिल पर एक रैली आयोजित करेंगे। उनके साथ कनाडा के बौद्ध और ईसाई भी शामिल होंगे।

## हिंदुओं की लगातार घट रही है आबादी

चंद्रा आर्या ने आगे कहा, "बांग्लादेश की आबादी में धार्मिक अल्पसंख्यकों की हिस्सेदारी 1971 में आजादी के बाद काफी गिरी है। उस वक्त 23.1 फीसदी अल्पसंख्यकों की आबादी में लगभग 20 फीसदी हिंदू थे। मगर अब यह अल्पसंख्यकों की संख्या लगभग 9.6 प्रतिशत रह गई है। वहीं हिंदुओं की आबादी लगभग 8.5 प्रतिशत है।

# भीषण बाढ़ की चपेट में यूरोप के कई शहर

**एजेंसी** | बर्लिन

मध्य और पूर्वी यूरोप के कई शहर भीषण बाढ़ की चपेट में हैं। 'बॉरिस' तूफ़ान वहां बड़ी तबाही लेकर आया है। बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित रहा चेक रिपब्लिक और पोलैंड के बीच का सीमाई क्षेत्र हैं।

साल 2021 में भी यूरोप के कई हिस्सों में इस तरह की बाढ़ आई थी। जानकार मान रहे हैं कि धरती का तापमान बढ़ने के कारण इस तरह की घटनाएं यूरोप में बढ़ रही हैं। बाढ़ के कारण नदियों का जल स्तर बढ़ गया है। रिहायशी इलाके पानी में डूब गए हैं। प्रभावित इलाकों से लगातार लोगों को रेस्क्यू किया जा रहा है। अब तक बाढ़ के कारण 21 लोगों की जान जा चुकी है।



# पीएम मेलोनी ने पीएम मोदी को दी बधाई

**एजेंसी** | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपना 74वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस मौके पर इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने उन्हें "एक्स" पर जन्मदिन की शुभकामनाएं दी और भविष्य में भारत और कहा, 'हमें विश्वास है कि हम आगे भी अपनी दोस्ती और इटली-भारत के बीच सहयोग' को मजबूत करेंगे। मेलोनी ने अपने पोस्ट में कहा, "भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। मुझे यकीन है कि हम इटली और भारत के बीच दोस्ती और सहयोग को और मजबूत करेंगे, ताकि हम मिलकर आने वाली वैश्विक चुनौतियों का सामना कर सकें।




### पुतिन ने दिए सैनिकों की संख्या बढ़ाने के आदेश

# रूस के पास होगी दुनिया की सबसे बड़ी सेना

- यूक्रेन की बढ़ सकती है मुश्किल

**एजेंसी** | मॉस्को

यूक्रेन के साथ जंग के दौरान रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने तीसरी बार अपनी सेना की संख्या बढ़ाने के आदेश दिए हैं। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सेना में 180,000 और भर्ती कर 1.15 मिलियन सक्रिय सैनिक करने का आदेश दिया है।

इस आदेश के लागू होने के बाद रूस के पास चीन के बाद दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी सेना होगी।रूस आधिकारिक वेबसाइट पर ये जानकारी दी गई है और बताया गया है कि ये आदेश इस साल दिसंबर तक लागू होगा और सशस्त्र बलों की कुल संख्या 2.38 मिलियन की जाएगी। दिसंबर 2023 में भी पुतिन ने इस तरह का आदेश जारी किया था, जिसके तहत रूसी सेना में कुल कर्मचारियों की संख्या बढ़ाकर 2.2 मिलियन से ज्यादा कर दी गई थी, जिसमें 1.3 मिलियन सैनिक शामिल थे।



## भारत-अमेरिका को पीछे छोड़ दुनिया की दूसरी बड़ी सेना

सैन्य थिंक टैंक इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्ट्रैटेजिक स्टडीज के आंकड़ों के मुताबिक इस बढ़ोत्तरी के बाद रूस के पास अमेरिका और भारत के मुकाबले ज्यादा सक्रिय सैनिक होंगे और इसकी सेना चीन के बाद दूसरे नंबर की बढ़ी सेना बन जाएगी।

## काम के बीच शारीरिक संबंध बनाएं नागरिक

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपने नागरिकों से ऑफिस में काम के बीच शारीरिक संबंध बनाने की अपील की है। पुतिन ने कहा, "रूसी नागरिकों का संरक्षण करना हमारी प्राथमिकता है। रूसियों का भविष्य अब उनकी तादाद पर निर्भर करता है।" वहीं रूस के स्वास्थ्य मंत्री डॉ येवगेनी शेसतोपालोव ने कहा कि काम का प्रेशर बच्चा न पैदा करने का बहाना नहीं हो सकता है। आप काम के बीच ब्रेक लेकर भी शारीरिक संबंध बना सकते हैं। ब्रिटिश अखबार मेट्रो की रिपोर्ट के मुताबिक, पुतिन ने ऐसा देश में गिरती जन्म दर को ठीक करने के लिए कहा है।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl